वर्ष : 17 ❖ अंक : 320 ❖ पृष्ठ : 08 ❖ मूल्य : ₹ 3.00 ❖ आरएनआई सं. SIKHIN/2006/17890 ❖ www.anugamini.com

सिक्किम से प्रकाशित प्रथम हिन्दी दैनिक

# अनुगामिनी

गंगटोक
बुधवार, 28 जून 2023

केंद्र में बीजेपी छह महीने और रहेगी : सीएम ममता 3 | विपक्षी एकता 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी : पीएम मोदी 8

## शिक्षा एसकेएम सरकार की प्राथमिकताओं में से एक : सीएम

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 27 जून । सिक्किम गवर्नमेंट कॉलेज बुर्तुक में कॉलेज छात्र संगठन के सहयोग से आज दो दिवसीय वार्षिक कॉलेज फेस्ट की शुरुआत हुई। इसके उद्घाटन समारोह में सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित थे।

उनके अलावा समारोह में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कृष्णा राई, मानव संसाधन विकास मंत्री कुंगा नीमा लेप्चा, सांसद डॉ. इंद्र हांग सुब्बा, विधायक आदित्य गोले, मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव जैकब खालिंग के साथ राज्य के अतिरिक्त मुख्य शिक्षा सचिव, शिक्षा सलाहकार, विभिन्न बोर्ड अध्यक्ष, सलाहकार, एसकेएम छात्र इकाई के प्रतिनिधि एवं कॉलेज के प्राचार्य, शिक्षक, छात्र आदि भी शामिल रहे।

इस अवसर पर अपने संबोधन में मुख्यमंत्री ने सिक्किम गवर्नमेंट कॉलेज बुर्तुक के इस आयोजन पर खुशी जाहिर करते हुए उनकी सरकार द्वारा राज्य में शिक्षा के क्षेत्र को प्राथमिकता देकर काम करने की बात कही। उन्होंने बताया कि वर्तमान में राज्य के विभिन्न स्थानों में स्कूल, कॉलेज एवं विश्वविद्यालय परिसरों का निर्माण कार्य चल रहा है। उनके अनुसार, राज्य सरकार न सिर्फ कैम्पस निर्माण करवा रही है, बल्कि वहां छात्र-छात्राओं के लिए जरूरी सभी सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की कोशिश कर रही है।

वहीं, शिक्षा क्षेत्र में पूर्व सरकार की लचर नीतियों का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री गोले ने कहा कि पूर्व सरकार के शासनकाल में बिगड़ी राज्य की शिक्षा-व्यवस्था को फिर से सुदृढ़ करने तक काम किये जाएंगे और अब हर कोई शिक्षा को प्राथमिकता देगा। इसी कड़ी में मौजूदा सरकार द्वारा छात्राओं के स्वास्थ्य एवं सुरक्षा हेतु शुरू की गई बहिनी योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि पूर्व सरकार के मुख्यमंत्री इसका मजाक उड़ाते थे।

इसी बीच, मुख्यमंत्री ने हाल ही में सोशल मीडिया पर एक किशोरी को बदनाम करने की कोशिश किए जाने के मामले पर कड़ी आपत्ति जताई और प्रशासन द्वारा इसमें सख्त कदम उठाए जाने की जानकारी दी।



साथ ही उन्होंने व्यक्तिगत रूप से दूसरों के प्रतिष्ठा और सम्मान पर हमला करने वालों को चेतावनी भी दी। उन्होंने कहा कि जहां मौजूदा सरकार कलाकारों को प्रेरित एवं प्रोत्साहित करने का काम कर रही है, वहीं, पूर्व मुख्यमंत्री के निर्देश पर इस तरह से कलाकारों को बदनाम करने का काम यह साबित करता है कि उनकी नैतिकता भी खत्म हो चुकी है। उन्होंने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री ने बार-बार राज्य और राज्यवासियों को बदनाम ही किया है। वह राज्य के बाहर जाकर कहते हैं कि सिक्किम सुरक्षित नहीं है। ऐसे में राज्य को बदनाम करने का मतलब सभी को बदनाम करना है।

इससे पहले, कार्यक्रम के प्रारंभ में उत्सव आयोजक दल एवं कॉलेज परिवार द्वारा मुख्यमंत्री सहित अन्य गणमान्य लोगों के स्वागत के पश्चात दीप प्रज्वलन एवं रंगारंग प्रस्तुतियों के साथ समारोह की शुरुआत की गई। इस दौरान कॉलेज की ओर से नेपाली विभाग के सहायक प्रोफेसर नारायण शर्मा ने मुख्यमंत्री गोले को दिया गया अभिनंदन पत्र पढ़ा। बाद में मुख्यमंत्री को अंगवस्त्र एवं प्रशस्ति पत्र भी भेंट किये गये। कॉलेज परिवार ने शिक्षा मंत्री कुंगा नीमा लेप्चा का भी अभिनंदन किया। वहीं, कार्यक्रम में मुख्यमंत्री ने कॉलेज क्रॉनिकल का विमोचन भी किया गया। साथ ही उन्होंने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाले कॉलेज के प्रोफेसरों और छात्रों को सम्मानित भी किया।

## अनित थापा को क्षेत्रीयता की बात करना शोभा नहीं देता : राजू बिष्ट

**अनुगामिनी नि.सं.**

दार्जिलिंग, 27 जून । दार्जिलिंग लोकसभा क्षेत्र से भाजपा सांसद एवं पार्टी के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट ने भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा नेता एवं जीटीए प्रमुख अनित थापा पर आज करारा हमला करते हुए कहा कि गोरखा लोगों की आकांक्षाओं को बेचने वाले अनित थापा को क्षेत्रीयता की बात करना शोभा नहीं देता है। भागोप्रमो नेता द्वारा पिछले कुछ दिनों से क्षेत्रवाद का नारा लगाये जाने पर भाजपा सांसद ने कहा कि कोलकाता द्वारा फेंकी गयी हड्डी उठा कर गोरखा आकांक्षाओं को बेचने वालों के लिए क्षेत्रवाद का नारा लगाना कभी भी अच्छा नहीं है। यह गोरखा जाति के प्रति उनका बड़ा पाखंड है।



सांसद बिष्ट ने एक विज्ञप्ति में कहा कि कुछ वर्षों पहले पृथक गोरखालैंड की मांग में पहाड़ पर बंद के दौरान इन्हीं बिके हुए नेताओं ने घर-घर में पुलिस को भेजा था और जबरन धमकियां देकर बंद दुकानें, वाहन मालिकों से जबरन टैक्सी चलाने को बाध्य किया था। वे इसे भूल सकते हैं, लेकिन पहाड़वासी और हम गोरखालैंड समर्थक इसे कभी नहीं भूल सकते। उन्होंने आगे कहा कि आज हमारे हजारों शिक्षित बेरोजगार युवक-युवतियां विस्थापित होने को मजबूर हैं, लेकिन इन्हें ऐसा करने पर मजबूर करने वाले ही आज अपने मुंह से क्षेत्रवाद की बात कर रहे हैं।

भाजपा सांसद के अनुसार, वर्तमान में कोलकाता के इशारे पर उठने-बैठने वालों द्वारा क्षेत्रवाद की बात करने से बड़ा कोई पाखंड नहीं हो सकता। उन्होंने कहा, इनलोगों के कारण ही आज गोरखाओं के नियंत्रित क्षेत्राधिकार और दार्जिलिंग पहाड़ का क्षेत्र सिकुड़ कर सुकना तक रह गया है। उनके अनुसार, ऐसे नेताओं के कारण ही आज चाय बगानों और सिनकोना बगान में फाइव स्टार होटल बन रहे हैं, लेकिन वहां सदियों से काम करने वाले मजदूरों के लिए पक्के घर नहीं बन रहे हैं। उनके कारण ही वन बस्तियां और डीआई फंड की जमीन बर्बाद हो गई है। वहीं उन्होंने जीटीए में शिक्षक भर्ती में व्यापक घोटाले की बात भी कही।

इसके साथ ही भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजू बिष्ट ने कहा कि वह दार्जिलिंग पहाड़ की संवैधानिक मांगों और अधिकारों के प्रति वफादार हैं और इसके लिए किसी भी हद तक जाने को तैयार हैं।

## राज्यपाल ने किया सिक्किम को नशा मुक्त राज्य बनाने का आह्वान



**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 27 जून । नशे के खिलाफ युवा थीम पर आज 13-सैमलिक मार्चक जीपीयू के नामिन गांव में हेमंत यादव फाउंडेशन के सहयोग से स्थानीय नामिन धुरबा प्राथमिक विद्यालय में आज एक जागरुकता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में सिक्किम के राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य मुख्य अतिथि और क्षेत्रीय विधायक सोनम वेनचुंग्पा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित थे। उनके अलावा, श्रम विभाग की अध्यक्ष श्रीमती गंगा परसाई, एडीसी विकास श्रीमती राधा प्रधान के अलावा पंचायत सदस्यों, बीडीओ एवं अन्य ने भी शिरकत की।

इस अवसर पर राज्यपाल आचार्य ने समाज में सकारात्मक प्रेरणाओं की आवश्यकता पर जोर देते हुए फुटबॉल में भाइचुंग भूटिया के जुनून, तीरंदाजी में तरुणदीप राई के समर्पण, सीमा सुरक्षा में सोनम छिरिंग तमांग की प्रतिबद्धता और गायन में जेत्सन के तन्मयता का जिक्र किया। साथ ही उन्होंने एक जैविक राज्य के रूप में विकसित होने और स्वच्छ राज्य पुरस्कार प्राप्त करने में सिक्किम की सफलता पर प्रकाश डालते हुए इसे सभी के एकजुट प्रयासों का फल बताया। इसी तरह, उन्होंने राज्य में नशीली दवाओं के उपयोग को खत्म करने और नशा मुक्त राज्य बनने का भी आह्वान किया।

वहीं, क्षेत्रीय विधायक सोनम वेनचुंग्पा ने गांव में नए निवासियों को लेकर सतर्कता बरतने और जागरूक रहने पर बल दिया। उन्होंने नामिन गांव के शत-प्रतिशत शाकाहारी वार्ड होने का जिक्र करते हुए कहा कि स्वच्छ भारत मिशन के तहत इसे राज्य का सबसे स्वच्छ गांव घोषित किया गया है। ऐसे में अब इसका लक्ष्य देश का सबसे स्वच्छ गांव बनना है। इसी प्रकार, एडीसी विकास श्रीमती राधा प्रधान ने भी नशे के बढ़ते प्रयोग को खत्म करने की शपथ दिलाई। साथ ही उन्होंने नशा मुक्त भारत और नारकोटिक्स कोर्ट की स्थापना जैसी पहलों में निभाई गई भूमिका पर भी प्रकाश डाला। इस संबंध में एक अधिसूचना भी जारी की गई।

कार्यक्रम को बीडीओ सोनम पाल्देन और डॉ. डीवी प्रसाद ने भी संबोधित किया। डॉ. प्रसाद ने अभिभावकों को नशे और नशीली दवाओं के सेवन को रोकने के लिए अपने बच्चों पर करीब से नजर रखने की सलाह दी। उन्होंने एक बेहतर समाज के निर्माण के लिए बच्चों के साथ मैत्रीपूर्ण संबंध बनाए रखने और माता-पिता तथा बच्चे के संबंधों को मजबूत बनाने के महत्व पर जोर दिया।

## सोशल मीडिया पर किशोरी के वीडियो को अभद्रता के साथ शेयर करने के आरोप में महिला गिरफ्तार

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 27 जून । सोशल मीडिया पर 15 वर्षीय एक किशोरी के वीडियो को अभद्रता के साथ शेयर करने के आरोप में गंगटोक सदर थाने की पुलिस ने आज नामची की मोनिका नामक एक महिला को गिरफ्तार किया है। मोनिका पर 'नेवारनी मोनिका' नामक अपने फेसबुक पेज में गलत तरीके से एक किशोरी का डांस वीडियो शेयर करने करने का आरोप है। गिरफ्तारी के बाद मोनिका को नामची से गंगटोक लाया गया है। इस संबंध में पीड़ित किशोरी की मां ने कल ही गंगटोक सदर में 'नेवारनी मोनिका' के साथ ही 'पवन चामलिंग आइडियाज' नामक दो फेसबुक पेज के संचालकों के खिलाफ एफआईआर दर्ज करवायी थी।

सदर थाने की पुलिस के अनुसार, स्थानीय 'ड्रीमलैंड फिल्म प्रोडक्शन' नामक एक फिल्म निर्माण संस्था की मालिक द्वारा 26 जून को यह प्राथमिकी दर्ज कराई गई है। मामले के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार, गत 25 जून को उक्त प्रोडक्शन हाउस द्वारा एक म्यूजिक वीडियो लॉन्च आयोजित किया गया था, जिसमें मुख्य अतिथि मंत्री संजीत खरेल के अलावा मुख्यमंत्री के राजनीतिक सचिव जैकब खालिंग भी शामिल हुए थे। कार्यक्रम में विभिन्न सांस्कृतिक और बॉलीवुड नृत्य प्रदर्शित किए गए जिनमें शिकायतकर्ता की 15 वर्षीय बेटी ने भी एक बॉलीवुड गाने में परफॉर्म किया था।

आरोप है कि उक्त कार्यक्रम के बाद 'पवन चामलिंग आइडियाज' और 'नेवारनी मोनिका' नामक फेसबुक पेज पर इसके उपयोगकर्ताओं द्वारा जानबूझकर शिकायतकर्ता की बेटी द्वारा कार्यक्रम में किए गए नृत्य का एक वीडियो अश्लील तरीके से अशोभनीय कैप्शन के साथ पोस्ट और शेयर किया गया। 'पवन चामलिंग आइडियाज' फेसबुक पेज पर जहां इस वीडियो को 'टेंशन बढ़ेको बढ़ेकाई छ, रिलैक्स गर्नू मुजरा मा नेताहरू' कैप्शन के साथ अपलोड किया गया, वहीं 'नेवारनी मोनिका' फेसबुक पेज पर इसे 'माजा छ कोई कोइलाई' कैप्शन के साथ पोस्ट किया गया है।

इस संबंध में सदर थाने में अपनी प्राथमिकी में शिकायतकर्ता महिला ने कहा है कि फेसबुक जैसी सोशल नेटवर्किंग साइट पर इस तरह के कृत्यों के दूरगामी प्रभाव होते हैं और इससे अपनी प्रतिभा दिखाने वाले व्यक्तियों के बारे में गलत संदेश जा सकता है। उन्होंने आगे कहा कि उक्त दोनों फेसबुक प्रोफाइल चलाने वाले लोगों की जानबूझकर की गई इस हरकतों ने न केवल उनकी बेटी को बदनाम किया, बल्कि सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म के माध्यम से उसकी छवि को भी ठेस पहुंचाई है।

बहरहाल, गंगटोक सदर थाने में उक्त दोनों फेसबुक प्रोफाइल के खिलाफ आईपीसी की धारा 509/500/34 आर/डब्ल्यू आईटी एक्ट की धारा 66ई आर/डब्ल्यू तथा पोक्सो कानून 2012 की धारा 11(4)/12/23(4) के तहत एफआईआर दर्ज कर ली गई है। मामले की जांच की जा रही है।

## ईट राइट इंडिया मिलेट मेला का आयोजन

**अनुगामिनी नि.सं.**

सोरेंग, 27 जून । खाद्य सुरक्षा, पोषण और सतत कृषि में पौष्टिक खाद्य पदार्थों की क्षमता उजागर करने के उद्देश्य से जिला प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र द्वारा आज सोरेंग बाजार में अंतरराष्ट्रीय मिलेट वर्ष, ईट राइट इंडिया मिलेट मेला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जिलाध्यक्ष श्रीमती टीला देवी गुरुंग के अलावा राज्य जनजातीय व कल्याण बोर्ड अध्यक्ष पीके सुब्बा, डीसी भीम ठटाल, एडीसी विकास गायस पेगा, मुख्य जीडीएमओ डॉ अंबर सुब्बा के अलावा अन्य अधिकारी, आंगनबाड़ी एवं पीएचसी कार्यकर्ता मौजूद थे।



इस अवसर पर श्रीमती गुरुंग ने उपस्थित किसानों से स्वस्थ जीवन के लिए मिलेट एवं अन्य पोषक गुणों वाले खाद्य फसलों की खेती करने का आग्रह करते हुए पर्यावरण और धान की खेती पर हानिकारक प्रभाव के कारण सिंगल यूज प्लास्टिक से बचने की आवश्यकता पर जोर दिया। वहीं, कृषि उप-निदेशक ने भारत के साथ-साथ पूरी दुनिया में मिलेट उत्पादन के बारे में जानकारी प्रदान की और इसकी विभिन्न किस्मों, उनके महत्व और पोषक तत्वों पर चर्चा की। साथ ही उन्होंने मधुमेह, हृदय रोग और माइग्रेन जैसी बीमारियों में लाभादायक मिलेट के स्वास्थ्य लाभों पर भी प्रकाश डाला।

कार्यक्रम के दौरान, च्याखुंग-चुम्बुंग, नया बाजार-जूम, पक्कीगांव एवं थार्पू एवं सिंगलिंग एचडब्ल्यूसी के अलावा सोरेंग पीएचसी और छोटा सामदोंग सीएस सहित विभिन्न स्वास्थ्य देखभाल केंद्रों द्वारा फूड स्टॉल लगाए गए थे। इसके अलावा, यहां सोरेंग पीएचसी, सीएचओ, आशा और आईसीडीएस कार्यकर्ताओं द्वारा प्रदर्शनी सह बिक्री का भी आयोजन किया गया था। वहीं, इस दौरान जिले की आशा सदस्यों द्वारा मिलेट के महत्व पर प्रकाश डालते हुए 'कोदो' नामक एक नाटक का प्रदर्शन भी किया गया।

## तीन चरणों में आयोजित होंगे भानु जयंती समारोह : हरि ढुंगेल

**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 27 जून । नेपाली साहित्य परिषद, सिक्किम के तत्वावधान में पिछले वर्षों की तरह गंगटोक में राज्य स्तरीय भानु जयंती धूमधाम से मनाई जायेगी। परिषद की ओर से अध्यक्ष हरि ढुंगेल ने आज पत्रकारों को 209वें भानु जयंती समारोह के आयोजन की जानकारी दी।

उनके मुताबिक, इस साल 13 जुलाई को होने वाला मुख्य भानु जयंती समारोह तीन चरणों में आयोजित किया जाएगा। पहले चरण में भानु उद्यान में भव्य जुलूस और भानु प्रतिमा पर श्रद्धांजलि दी जाएगी, जबकि दूसरे चरण में दोपहर में विभिन्न पुरस्कार और सम्मान समारोह आयोजित किए जाएंगे और मनन केंद्र में विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। कार्यक्रम के तीसरे और अंतिम चरण में शाम को मनन केंद्र में ही रंगारंग संगीत कार्यक्रम के साथ-साथ नेपाल की सुप्रसिद्ध हास्य जोड़ी हरि वंश आचार्य और मदन कृष्ण श्रेष्ठ का प्रहसन भी होगा।

इसके अलावा, परंपरा के अनुसार, भानु जयंती से कुछ दिन पहले एक इंटर-स्कूल और ओपन रामायण और कविता प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी, जिसके विजेताओं को 13 जुलाई को मुख्य कार्यक्रम में प्रदर्शन करने का अवसर दिया जाएगा। श्री ढुंगेल ने कहा कि परंपरा के अनुसार इस वर्ष भी भानु जयंती पर प्रथम चरण के कार्यक्रम में राज्यपाल मुख्य अतिथि होंगे। अध्यक्ष हरि ढुंगेल ने बताया कि स्थानीय भानु उद्यान में आयोजित होने वाले इस प्रथम चरण के कार्यक्रम में राज्यपाल लक्ष्मण प्रसाद आचार्य के साथ मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहेंगे। प्रमुख, विशिष्ट ( शेष पृष्ठ ०३ पर )

## 'मेरो रुख मेरो संतति' योजना के तहत नवजातों के नाम पर लगाए पौधे



**सरोज गुरुंग**

सोरेंग, 27 जून । पर्यावरण संरक्षण एवं संवर्धन हेतु जागरुकता फैलाने के उद्देश्य से सिक्किम में बच्चों के जन्म पर उनके नाम से 108 पौधे लगाए जाने की राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना 'मेरो रुख मेरो संतति' के तहत आज सोरेंग जिलान्तर्गत देथांग जीपीयू के शिरीबादम वन क्षेत्र में वन विभाग के सहयोग से 15 नवजातों के नाम पर विभिन्न प्रजाति के पौधे लगाए गए। देथांग एवं परेंगगांव जीपीयू के 15 नवजात शिशुओं के नाम पर उक्त योजना के अंतर्गत आज इसकी शुरुआत की गई है।

वन विभाग के डीएफओ क्षितिज सक्सेना ने बताया कि जिले में अब तक 450 शिशुओं का पंजीकरण किया जा चुका है। जानकारी के अनुसार, जिले में आज से शुरू हुए उक्त अभियान में सोरेंग जिला पंचायत अध्यक्ष टीला देवी गुरुंग मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं। उनके साथ कार्यक्रम में एसकेएम उपाध्यक्ष फुरबा छिरिंग भूटिया, स्थानीय पंचायत, डीएफओ क्षितिज सक्सेना, एसीएफ सोरेंग एवं आरओ विनोद छेत्री के अलावा वन विभाग के कर्मचारी और नवजात शिशुओं के परिजन मौजूद थे। इस अवसर पर 15 नवजात शिशुओं के माता-पिता को मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के द्वारा मुख्यमंत्री पीएस गोले द्वारा हस्ताक्षरित प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए।

उल्लेखनीय है कि, इसी साल 2 फरवरी को मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग (गोले) ने 'मेरो रुख मेरो संतति' अभियान की शुरुआत की थी। इसके तहत अब राज्य में नवजात शिशुओं के नाम पर 108 पौधे लगाने का नियम है। वन विभाग द्वारा नवजातों के परिवार को उपलब्ध कराये जाने वाले ये पौधे वे अपनी जमीन पर या जमीन उपलब्ध नहीं होने पर वन विभाग द्वारा निर्धारित जमीन पर लगा सकते हैं। बच्चे के मां के गर्भ में रहते हुए ही माता-पिता को आशा, आंगनबाड़ी या पंचायत के माध्यम से योजना के लिए पंजीकरण कराना पड़ता है। यह ऑनलाइन भी किया जा सकता है। गौरतलब है कि हरियाली की रक्षा हेतु सिक्किम सरकार की इस योजना की चर्चा पूरे देश में हो रही है।

# राउत ने बीआरएस को बताया 'बीजेपी की बी-टीम', केसीआर बोले- हम किसानों, अल्पसंख्यकों, दलितों की टीम



नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। तेलंगाना के मुख्यमंत्री के.चंद्रशेखर राव की मंगलवार को महाराष्ट्र के पंढरपुर की यात्रा को लेकर शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) के नेता संजय राउत ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की और उनकी पार्टी भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) को भाजपा की बी-टीम' बताया। पंढरपुर से करीब 20 किलोमीटर दूर सरकोली गांव में एक रैली को संबोधित करते हुए राव ने इस आरोप का प्रतिवाद करते हुए कहा कि वे किसानों, हाशिए पर रहने वाले समुदायों, अल्पसंख्यकों और दलितों की टीम हैं तथा आश्चर्य जताया कि उनकी पार्टी के पड़ोसी राज्य में विस्तार के प्रयासों पर इतना हंगामा क्यों बरपा है। केसीआर' के नाम से लोकप्रिय राव और उनके मंत्रिमंडल सहयोगी 600 वाहनों के काफिले में सोमवार को पंढरपुर पहुंचे। उन्होंने 29 जून को आषाढ़ी एकादशी से पहले मंगलवार को शहर के विट्ठल रुक्मिणी मंदिर में पूजा-अर्चना की।

राउत ने कहा कि बीआरएस का महाराष्ट्र में शिवसेना (यूबीटी), राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) और कांग्रेस सहित महा विकास आघाड़ी की संभावनाओं को नुकसान पहुंचाने और वोटों को विभाजित करने के अलावा कोई अन्य इरादा नहीं है।

राउत ने कहा, पिछले आठ-नौ वर्षों में मुख्यमंत्री के रूप में या जब वह आंध्र प्रदेश में मंत्री और केंद्र में मंत्री थे, तब उन्होंने कभी पंढरपुर की यात्रा नहीं की। राउत ने पूछा, केसीआर किसे ताकत दिखाने की कोशिश कर रहे हैं। उन्होंने कहा, केसीआर मित्र हैं, लेकिन उन्हें यह तय करना होगा कि हम किसके खिलाफ लड़ रहे हैं।

राज्यसभा सदस्य ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति पर बीआरएस का कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा और इस कदम से तेलंगाना में केसीआर को ही नुकसान होगा। अपनी पंढरपुर यात्रा के बारे में राव ने कहा कि जब उन्होंने मंदिर में पूजा करने की योजना बनाई तो उन्हें राजनीति करने से बचने की सलाह दी गई। राव ने कहा, मैंने पंढरपुर में राजनीति पर चर्चा करने से परहेज किया। हालांकि, यहां मैं इसके बारे में बात करूंगा। मैं यह नहीं समझ पा रहा हूं कि महाराष्ट्र में पार्टियों के बीच हमें लेकर इतना हंगामा क्यों है। वे हमसे क्यों डरते हैं, क्योंकि कोई भी पार्टी हमारी आलोचना करने का कोई मौका नहीं छोड़ रही है।

राव ने बीआरएस को अन्य पार्टियों की बी-टीम के रूप में ठप्पा लगाने की प्रवृत्ति की निंदा की। राव ने कहा, कांग्रेस हमें भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की बी-टीम कहती है, जबकि भाजपा हमें कांग्रेस की ए-टीम कहती है। हम किसी की टीम नहीं हैं। हम किसानों, हाशिए पर रहने वाले समुदायों, अल्पसंख्यकों और दलितों की टीम हैं। उन्होंने यह भी कहा कि बीआरएस सिर्फ तेलंगाना से जुड़ी एक क्षेत्रीय पार्टी नहीं, बल्कि भारत में बदलाव लाने के मिशन वाली एक राष्ट्रीय पार्टी है।

राव ने कहा कि महाराष्ट्र की हर बड़ी पार्टी को राज्य पर शासन करने का अवसर मिला है। राव ने कहा, कांग्रेस ने (महाराष्ट्र में) 50 वर्षों तक शासन किया। आपने एनसीपी, भाजपा और शिवसेना को मौका दिया। यदि वे वास्तव में राज्य के कल्याण के लिए काम करना चाहते थे, तो उनमें से कम से कम एक ऐसा कर सकता था। बीआरएस प्रमुख ने कहा कि तेलंगाना में सफलतापूर्वक शुरू की गई योजनाओं को महाराष्ट्र में आसानी से लागू किया जा सकता है। उन्होंने सवाल किया कि महाराष्ट्र तेलंगाना द्वारा लागू किसान-केंद्रित कल्याण कार्यक्रमों को क्यों नहीं दोहरा सका।

राव ने कहा कि दावे किए जा रहे हैं कि तेलंगाना में जो कुछ भी दिखाया जा रहा है वह भूलभुलैया' है और अगर महाराष्ट्र उनकी योजनाओं को लागू करता है, तो राज्य दिवालिया हो जाएगा। उन्होंने कहा, मैं यहां यह कहना चाहूंगा कि हां, दिवाला होगा...यह राजनीतिक नेताओं का होगा। लेकिन किसानों के लिए दिवाली होगी।

सरकोली गांव में राव के कार्यक्रम में एनसीपी नेता भागीरथ भालके बीआरएस में शामिल हुए। वह पंढरपुर विधानसभा सीट से पूर्व एनसीपी विधायक दिवंगत भरत भालके के बेटे हैं। भरत भालके के निधन के बाद 2021 में हुए उपचुनाव में एनसीपी ने भागीरथ को अपना उम्मीदवार बनाया था, लेकिन सीट भाजपा के समाधान आवताडे ने जीत ली। राव ने पिछले महीने महाराष्ट्र में शहरी निकायों के 45,000 से अधिक गांवों में बीआरएस का विस्तार करने के लिए एक महीने के कार्यक्रम की घोषणा की थी।

# बृजभूषण सिंह को राहत, एक जुलाई को चार्जशीट पर लिया जाएगा संज्ञान



नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। अदालत ने महिला पहलवानों के यौन उत्पीड़न के मामले में भाजपा सांसद और निवर्तमान डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृजभूषण शरण सिंह के खिलाफ दायर आरोप पत्र पर संज्ञान लेना है या नहीं, इस पर फैसला 1 जुलाई तक के लिए टाल दिया।

राउज एवन्यू अदालत स्थित अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट हरजीत सिंह जसपाल ने कहा कि यह एक लंबा आरोपपत्र है और अध्ययन करने में समय लगेगा। इसलिए इसे कुछ दिनों तक विचार के लिए रखेंगे। मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट ने 22 जून को भाजपा सांसद और निवर्तमान डब्ल्यूएफआई प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ छह महिला पहलवानों द्वारा दर्ज यौन उत्पीड़न मामले की कार्यवाही को आगे बढ़ाने के लिए एसीएमएम की अदालत को सौंप दिया था, जो पहले से ही संबंधित मामले की सुनवाई कर रही थी।

पुलिस ने यौन उत्पीड़न और पीछा करने के कथित अपराधों के मामले में सिंह के खिलाफ 15 जून को आरोप पत्र दायर किया था। पुलिस ने 15 जून को सिंह के खिलाफ आईपीसी की धारा 354 (महिला की गरिमा को ठेस पहुंचाने के इरादे से हमला या आपराधिक बल), 354 ए (यौन उत्पीड़न), 354 डी (पीछा करना) और 506 (आपराधिक धमकी) के तहत आरोप पत्र दायर किया था। इस पर 22 जून को विचार किया जाना था और सीएमएम ने मामला जसपाल को सौंपने का फैसला किया।

# ओडिशा में बीजेपी ने पीएमएवाई योजना में अनियमितता का लगाया आरोप; ममाले की जांच सीबीआई से कराने की मांग की

भुवनेश्वर, 27 जून (एजेंसी)। ओडिशा में भाजपा ने राज्य सरकार पर प्रधानमंत्री आवास योजना (पीएमएवाई) में बड़े पैमाने पर अनियमितता का आरोप लगाते हुए जांच की मांग की है। यह मांग पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के 23 जून को कालाहांडी जिले के भवानीपटना में रैली के बाद की गई।

अपनी रैली के दौरान नड्डा ने कहा था कि पीएमएवाई में अनियमितता करने वालों में शामिल लोगों को जेल भेजा जाएगा। सोमवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए राज्य भाजपा महासचिव पृथ्वीराज हरिचंदन ने सत्तारूढ़ सरकार (बीजेडी) पर आरोप लगाया है कि वे पीएमएवाई के तहत मकान आवंटित कराने के लिए लाभार्थियों से 20,000 से 25,000 रुपये एकत्रित कर रहे हैं। हरिचंदन ने आरोप लगाया है कि ओडिशा के लिए 9.5 लाख घर स्वीकृत किए गए हैं, लेकिन राज्य सरकार वास्तविक लाभार्थियों को घर देने में देरी कर रही है। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जरूरतमंदों को पीएमएवाई योजना के तहत घर देने से मना किया जा रहा है, जबकि बीजेडी का समर्थन करने वालो को इस योजना का लाभ मिल रहा है।

उन्होंने दावा किया कि भाजपा द्वारा 2019 में लाभार्थियों की सूची तैयार करने में अनियमितता का मुद्दा उठाने के बाद राज्य सरकार ने फरवरी 2020 में सभी ब्लॉक और पंचायतों में शिकायत पेटियां स्थापित की थी। उन्होंने कहा, हम राज्य सरकार से इस मुद्दे पर स्पष्टीकरण की मांग करते हुए उनसे पूछते हैं कि शिकायतों पर क्या कार्रवाई की गई है।

भाजपा नेता ने कहा कि यदि राज्य सरकार व्यवस्था में पारदर्शिता चाहती है तो उसे केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को अनियमितताओं की जांच करने की अनुमति देनी चाहिए। हरिचंदन ने कहा कि यदि एक महीने के भीतर सटिक कदम नहीं उठाया गया तो भाजपा सभी दफ्तरों में घराव करेगी और सड़कों पर उतरेगी। बीजेडी के वरिष्ठ नेता प्रमिला मलिक ने इन आरोपों को खारिज करते हुए दावा किया है कि पीएमएवाई के काम में कोई अनियमितता नहीं हुई है।

ओडिशा के मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने बारपाली में एक सार्वजनिक बैठक के दौरान लोगों को ऑडियो संदेश के जरिए जानकारी दी है कि वे अपनी शिकायतें उनके निजी सचिव वीके पांडियन को बता सकते हैं। पांडियन जो 5 विभाग सचिव है, ने सोमवार को सार्वजनिक बैठक के दौरान सीएम की ऑडियो संदेश जनता के सामने प्रस्तुत किया।

सीएमओ द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा गया कि सीएम नवीन पटनायक ने फोन के जरिए लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि उन्होंने अपने सचिव को शिकायत लेने के लिए भेजा है। बारगढ़ में भारी बारिश के बीच लोग संबोधन में शामिल हुए। पांडियन ने अट्टाबिरा ब्लॉक में सारंडा 5टी हाई स्कूल का दौरा किया और वहां मौजूद छात्रों और शिक्षकों से परिवर्तन पहल के संबंध में बातचीत भी की।

दो दिन पहले ही भाजपा विधायक अपराजिता सारंगी मुख्यमंत्री से पूछा कि क्या सचिव स्तरीय अधिकारी उनके आदेश पर सार्वजनिक बैठकों को संबोधित करते हैं? विपक्षी पार्टी ने आरोप लगाया कि 2000 बैच के आईएएस अधिकारी ने सार्वजनिक बैठक में शामिल होकर अखिल भारतीय सेवा नियमों का उल्लंघन किया है। सीएम के निजी सचिव भी आनंद कल्याण मंडप, अट्टाबिरा, बारापाली बरगढ़ में लोगों की शिकायतों को सुनने के लिए शामिल हुए।

पांडियन ने नागरिकों का धन्यवाद किया और बताया कि सीएम ने प्रशासन को नागरिकों तक पहुंचने के निर्देश दिए हैं। वहीं सोमवार को बारगढ़ के भाजपा विधायक ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा, प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री जैसे संवैधानिक पदों के कार्यों को किसी अन्य को नहीं सौंप सकते हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि जब नौकरशाह राज्य पर शासन करने लगेंगे तो विधायकों और सांसदों का महत्व शून्य हो जाएगा।

पांडियन ने सोमवार को सीएम के विशेष सचिव और खेल एवं युवा सेवा सचिव आर विनील कृष्णा, बारगढ़ जिला कलेक्टर मोनिशा बनर्जी, एसपी बारगढ़ प्रह्लाद सहाय मीना और जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ बारगढ़ का दौरा किया। अपने इस दौरे में पांडियन ने कहा कि बारगढ़ में कैंसर अस्पताल का निर्माण कार्य दिसंबर तक पूरा हो जाएगा। उन्होंने जानकारी दी की सीएम ने 26.75 करोड़ रुपये की लागत से 56 कॉलेजों और उच्चतर माध्यमिक विद्यालयों को 5टी ट्रांसफॉर्मेशन के तहत लेने की मंजूरी दी है।

इसके अलावा उन्होंने अट्टाबीरा के पास विश्वेश्वर मंदिर और मां दुर्गा मंदिर, और बरगढ़ में रामचंडी मंदिर और वैष्णोदेवी मंदिर का भी दौरा किया। वहां उन्होंने मंदिर के समिति के सदस्यों से मंदिर के विकास और तीर्थयात्रियों के लिए सुविधाओं के बारे में बातचीत भी की।

# डोडा जिले में वाहन खाई में गिरा, 5 लोगों की मौत

जम्मू, 27 जून (एजेंसी)। जम्मू-कश्मीर के डोडा जिले में मंगलवार को एक सड़क हादसे में पांच लोगों की मौत हो गई और सात घायल हो गए।

पुलिस ने बताया कि डोडा जिले में भद्रवाह-पठानकोट रोड पर वाहन चालक ने उस पर से नियंत्रण खो दिया, और वाहन गहरी खाई में जा गिरा। पुलिस के अनुसार, यह हादसा गुलदंडा में हुआ। पांच लोगों की मौके पर ही मौत हो गई और सात घायल हो गए। घायलों को पुलिस और स्थानीय स्वयंसेवकों द्वारा इलाज के लिए अस्पताल पहुंचाया गया।

पुलिस ने कहा कि इस घटना के संबंध में केस दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है। कहा जा रहा है कि डोडा जिले में खराब सड़कें हैं, जिसके परिणामस्वरूप मानव हानि हो रही है।

यातायात अधिकारी पहाड़ी डोडा जिले में कमर्शियल वाहनों के चालकों द्वारा तेज गति और लापरवाही से वाहन चलाने को भी जिम्मेदार मानते हैं। इससे पहले दिन में, डोडा जिले में श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर एक अन्य दुर्घटना में दो लोगों की मौत हो गई, जबकि एक अन्य घायल हो गया।

# अपराधियों को बचाने के लिए कानून व्यवस्था अपने हाथ में चाहते हैं केजरीवाल : मीनाक्षी लेखी

नई दिल्ली, 27 जून (एजेंसी)। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने राष्ट्रीय राजधानी में प्रगति मैदान के नजदीक स्थित अंडरपास में हुई लूटपाट की घटना की पृष्ठभूमि में मंगलवार को कानून व्यवस्था के मुद्दे पर केंद्र सरकार और उप राज्यपाल पर निशाना साधा। उन्होंने दावा किया कि ऐसे समय में जब दिल्ली जी-20 सम्मेलन की तैयारी कर रही है, यहां 'जंगल राज' कायम है। केजरीवाल ने दावा किया कि अगर दिल्ली की आम आदमी पार्टी (आप) सरकार को यहां की कानून व्यवस्था की जिम्मेदारी दे दी जाए तो वह इसे देश का सबसे सुरक्षित शहर बना देगी।

केंद्रीय विदेश राज्य मंत्री मीनाक्षी लेखी ने पलटवार करते हुए दावा किया कि केजरीवाल अपने भ्रष्ट मंत्रियों और विधायकों को बचाने के लिए शहर की कानून व्यवस्था पर नियंत्रण चाहते हैं। उल्लेखनीय है कि प्रगति मैदान के नजदीक अंडरपास में चार मोटरसाइकिल सवारों ने बंदूक दिखाकर एक आपूर्ति कंपनी के प्रतिनिधि और उसके साथी से दो लाख रुपये लूट लिए थे। शनिवार की इस घटना के सिलसिले में अब तक पांच लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

इलेक्ट्रिक वाहन चार्जिंग स्टेशन का उद्घाटन करने के लिए आयोजित कार्यक्रम से इतर संवाददाताओं से बातचीत में केजरीवाल ने कहा, ऐसा प्रतीत होता है कि केंद्र सरकार के पास दिल्ली में कानून व्यवस्था को सुधारने के लिए कोई ठोस योजना नहीं है। मुख्यमंत्री ने कहा, चार लोगों ने प्रगति मैदान अंडरपास के पास लूटपाट को अंजाम दिया। जी-20 शिखर सम्मेलन अंडरपास के नजदीक होगा। दिल्ली में लोग असुरक्षित महसूस कर रहे हैं। यह जंगल राज है। उन्होंने एक अन्य घटना का हवाला देते हुए सवाल किया, दिल्ली में क्या हो रहा है? क्या राष्ट्रीय राजधानी में कानून व्यवस्था की स्थिति ऐसी होनी चाहिए?

उप राज्यपाल पर आप सरकार के कामकाज में हस्तक्षेप करने का आरोप लगाते हुए केजरीवाल ने कहा, मौजूदा (कानून व्यवस्था की) स्थिति के लिए एक ही कारण जिम्मेदार है और वह यह है कि केंद्र और उप राज्यपाल अपनी सारी ऊर्जा दिल्ली सरकार के कामों में रोड़ा अटकाने में लगा रहे हैं।

केजरीवाल ने कहा, वे हमारे स्कूलों, मोहल्ला क्लीनिक, जलापूर्ति और बिजली से जुड़े कार्यों को रोकने के तरीके के बारे में सोचते हैं। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि वे हमें काम करने दें और वे अपना



काम करें। अगर वे कानून व्यवस्था नहीं संभाल सकते तो यह जिम्मेदारी हमें दे दें। हम दिल्ली को देश का सबसे सुरक्षित शहर बनाएंगे।

मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए लेखी ने कहा, अरविंद केजरीवाल ऐसी सरकार चला रहे हैं जहां (पूर्व) उप मुख्यमंत्री (मनीष सिसोदिया) भ्रष्टाचार के लिए जेल में हैं। उनके (पूर्व) मंत्री सत्येंद्र जैन हाल में जमानत पर आये हैं। उन्होंने कहा, 40 से अधिक विधायक भ्रष्टाचार और आपराधिक गतिविधियों में लिप्त हैं। ताहिर हुसैन उत्तर पूर्व दिल्ली के दंगों में आसूचना ब्यूरो (आईबी) के एक अधिकारी की हत्या में शामिल था, वहीं अमानतुल्ला खान सिलेंडर चुराकर उन्हें ओखला में जमा करा रहे थे। मुझे लगता है कि इन सभी अपराधियों को बचाने के लिए वह (केजरीवाल) कानून व्यवस्था अपने हाथ में चाहते हैं।

# 'मंदिर में योग्य व्यक्ति को बनाएं पुजारी, जाति की कोई भूमिका नहीं', मद्रास हाईकोर्ट की टिप्पणी




चेन्नई, 27 जून (एजेंसी)। मद्रास हाईकोर्ट ने पुजारियों की नियुक्ति पर अहम फैसला सुनाया है। अदालत ने कहा कि मंदिरों में पुजारियों की नियुक्ति में जाति की कोई भी भूमिका नहीं होती है।

हाईकोर्ट ने कहा कि पुजारी रखते हुए सिर्फ ये देखा जाना चाहिए कि व्यक्ति उस योग्य है या नहीं। साथ ही शख्स को अपने काम में अच्छी तरह से पारंगत हो, प्रशिक्षित हो और जरूरत के हिसाब से पूजा करने के लिए योग्य हो। अगर व्यक्ति इन सभी मानदंडों को पूरा करता है तो जाति की इसमें कोई भी भूमिका नहीं होगी।

जस्टिस एन आनंद वेंकटेश ने साल 2018 की एक याचिका पर अपना फैसला सुनाते हुए ये अहम टिप्पणी की। इस मामले में जाति को आधार बताते हुए पुजारी की नियुक्ति को लेकर निकाले गए विज्ञापन को चुनौती दी गई थी, जिसे हाईकोर्ट ने मानने से इनकार कर दिया।

बता दें, मद्रास हाईकोर्ट में मुथु सुब्रमण्यम गुरुक्कल की तरफ से तमिलनाडु के हिंदू धार्मिक और धर्मार्थ बंदोबस्ती विभाग (एचआर एंड सीई) के 2018 में श्री सुगवनेश्वर स्वामी मंदिर में पुजारियों की भर्ती के लिए निकाले गए एक विज्ञापन को चुनौती दी गई थी।

याचिकाकर्ता गुरुक्कल ने इस मामले को लेकर अपना पक्ष रखते हुए कहा कि ये उनके वंशानुगत अधिकारों का उल्लंघन है। गुरुक्कल ने अपने दादा से पुजारी का पद संभाला था, जिसके पीछे उनका तर्क था कि उनका परिवार प्राचीन काल से यही काम करता आया है।

इस मामले में फैसला सुनाने से पहले जस्टिस वेंकटेश ने 2016 के अखिल भारतीय आदि शैव शिवाचारिगल सेवा संगम बनाम तमिलनाडु सरकार मामले में सुप्रीम कोर्ट के फैसले का हवाला दिया, जहां सुप्रीम कोर्ट ने माना था कि मंदिर के पुजारी की नियुक्ति एक धर्मनिरपेक्ष काम है, इसमें वंशानुगत कुछ नहीं है।

मद्रास हाईकोर्ट ने निर्देश दिया की सुप्रीम कोर्ट के फैसले के मुताबिक ही पुजारी की नियुक्ति होनी चाहिए।

कोर्ट ने मंदिर के कार्यकारी अधिकारी को एक विज्ञापन जारी करने का निर्देश दिया, साथ ही याचिकाकर्ता को नियुक्ति प्रक्रिया पूरी होने तक पूजा करने की इजाजत भी दी। इसके अलावा हाईकोर्ट ने कहा कि याचिकाकर्ता चयन प्रक्रिया में भी हिस्सा ले सकता है।

# सशस्त्र बलों में पाक नागरिकों की भर्ती, कलकत्ता हाईकोर्ट ने सीबीआई से जांच करने को कहा

कोलकाता, 27 जून (एजेंसी)। कलकत्ता हाईकोर्ट ने मंगलवार को सशस्त्र बलों में दो पाकिस्तानी नागरिकों की कथित भर्ती के मामले में केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को प्रीलिमिनरी और पैरलेल (समानांतर) जांच का निर्देश दिया।

न्यायमूर्ति राजशेखर मंथा की एकल-न्यायाधीश पीठ ने यह भी कहा कि पश्चिम बंगाल पुलिस की सीआईडी मामले में अपनी समानांतर जांच जारी रखेगी, और कहा कि राष्ट्र की सुरक्षा के लिए सभी जांच एजेंसियों को एक साथ काम करने की जरूरत है।

रिपोर्ट के अनुसार, 13 जून को बिष्णु चौधरी द्वारा न्यायमूर्ति मंथा की पीठ में एक याचिका दायर की गई थी जिसमें आरोप लगाया गया था कि दो कथित पाकिस्तानी नागरिक जयकांत कुमार और प्रद्युम्न कुमार वर्तमान में राज्य के उत्तर 24 परगना जिले के बैरकपुर स्थित छावनी में तैनात हैं।

चौधरी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया था कि दोनों का चयन कर्मचारी चयन आयोग की परीक्षा के माध्यम से हुआ और उन्होंने जाली दस्तावेजों के जरिए नौकरियां हासिल कीं। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि जाली दस्तावेजों के जरिए ऐसी नियुक्तियों के पीछे प्रभावशाली राजनीतिक नेताओं, नौकरशाहों और पुलिस अधिकारियों से जुड़ा एक बड़ा रैकेट शामिल है।

उस दिन, न्यायमूर्ति मंथा ने सीआईडी को प्रारंभिक जांच करने का निर्देश दिया और इस मामले में केंद्र सरकार, केंद्रीय जांच ब्यूरो और भारतीय सेना की पूर्वी कमान के प्रमुख को भी पक्षकार बनाया। मंगलवार को मामले पर सुनवाई करते हुए न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि सीआईडी के अधिकारियों द्वारा शुरुआती निष्कर्ष बहुत महत्वपूर्ण हैं। सांठगांठ की जड़ का अभी तक पता नहीं चल पाया है।



उत्तर प्रदेश, असम और बिहार जैसे अन्य राज्यों के साथ भी संबंध सामने आए हैं। सेना, सीबीआई और सीआईडी को किसी भी प्रकार के टकराव के बिना एक साथ काम करना चाहिए। न्यायमूर्ति मंथा ने कहा कि सीआईडी अपने निष्कर्षों की रिपोर्ट भारतीय सेना अधिकारियों को देती है, जो इस मामले में अपनी रिपोर्ट दे सकते हैं।

उन्होंने सीबीआई और सीआईडी दोनों को 26 जुलाई को अगली सुनवाई की तारीख पर अपनी-अपनी जांच की प्रगति रिपोर्ट अदालत में पेश करने का भी निर्देश दिया।

# मणिपुर को दहलाने की साजिश नाकाम, असम राइफल्स ने बरामद किए हथियार, विस्फोटक

इंफाल, 27 जून (एजेंसी)। असम राइफल्स और कोहिमा पुलिस ने एक बड़ी सफलता हासिल की है और मणिपुर में की जा रही हथियारों की सखलाई की साजिश को नाकाम कर दिया है। असम राइफल्स ने नगालैंड पुलिस के साथ मिलकर यह ऑपरेशन चलाया। बता दें कि मणिपुर में एक महीने से भी ज्यादा समय से हिंसा चल रही है और वहां हिंसा की घटनाओं में अभी तक 100 से ज्यादा लोगों की मौत हो चुकी है।



रक्षा मंत्रालय ने बयान जारी कर बताया कि सुरक्षा बलों को खुफिया सूचना प्राप्त हुई थी। जिसमें बताया गया था कि कुछ संदिग्ध हिसाग्रस्त राज्य मणिपुर में हथियारों की तस्करी करने की कोशिश कर रहे हैं। सूचना के आधार पर असम राइफल्स और कोहिमा की पुलिस ने जॉइंट ऑपरेशन चलाया। ऑपरेशन के तहत 26 जून की रात करीब दो बजे पुलिस को एक वाहन में कुछ संदिग्ध दिखाई दिए। इनका पीछा करने पर सुबह करीब छह बजे संदिग्धों को पकड़ लिया गया। सुरक्षा बलों ने संदिग्धों के पास से दो पिस्टल, चार मैगजीन, विस्फोटक और अन्य सामान बरामद किया।

बता दें कि मणिपुर में अभी तक 1100 हथियार, 13702 गोला बारूद, 250 बम और अन्य सामान बरामद किया गया है। सुरक्षा बल राज्य में शांति के लिए हिंसा प्रभावित इलाकों में फ्लैग मार्च निकाल रहे हैं। मणिपुर में हिंसा शुरू हुए 52 दिन बीत चुके हैं। रविवार को केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह की अध्यक्षता में मणिपुर के हालात पर चर्चा के लिए सर्वदलीय बैठक भी हुई थी।

# केंद्र में बीजेपी छह महीने और रहेगी : सीएम ममता



### 'फरवरी-मार्च में हो जाएंगे लोकसभा चुनाव'

कोलकाता, 27 जून (एजेन्सी)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने मंगलवार को दावा किया कि केंद्र में भाजपा सरकार सिर्फ छह महीने और है क्योंकि अगले साल फरवरी मार्च में चुनाव हो जाएंगे। जलपाईगुड़ी में एक जनसभा को संबोधित करते हुए ममता बनर्जी ने ये दावा किया। ममता बनर्जी ने ये भी कहा कि बीएसएफ को निष्पक्षता से काम करना चाहिए क्योंकि भाजपा शायद कल सत्ता में ना रहे।

टीएमसी चीफ ने कहा कि अगला लोकसभा चुनाव अगले साल फरवरी मार्च में हो सकता है। ऐसे में भाजपा सरकार का कार्यकाल महज छह महीने का और है। भाजपा को अपनी हार दिख रही है और वह विभिन्न समुदायों को लुभाने की कोशिश भी नहीं कर रही है। उल्लेखनीय है कि साल 2019 में लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में हुए थे। प्रधानमंत्री मोदी ने अपने दूसरे कार्यकाल की शपथ 30 मई 2019 को ली थी।

पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ने जनसभा के दौरान ये भी कहा कि जो लोग सीमावर्ती इलाकों में बीएसएफ की फायरिंग में मारे गए हैं, उनके परिजनों को दो-दो लाख रुपए की आर्थिक सहायता और नौकरी दी जाएगी। बनर्जी ने कहा कि वह बीएसएफ के सभी जवानों पर आरोप नहीं लगा रही हैं, वह हमारी सीमा की रक्षा करते हैं लेकिन बीएसएफ को निष्पक्षता से काम करना चाहिए हो सकता है भाजपा कल सत्ता में ना रहे लेकिन उन्हें अपनी नौकरी करनी होगी। ममता बनर्जी ने सीमावर्ती इलाकों में बीएसएफ पर मतदाताओं को डराने का आरोप लगाया था।

हालांकि बीएसएफ ने ममता बनर्जी के आरोपों को पूरी तरह खारिज कर दिया और कहा कि उनके बयान सच से परे हैं। बता दें कि पश्चिम बंगाल में 8 जुलाई को पंचायत चुनाव के लिए मतदान होना है।

जलपाईगुड़ी में जनसभा को संबोधित करने के बाद बागडोगरा जाते हुए ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर की इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी। दरअसल खराब मौसम के चलते दृश्यता काफी कम थी, ऐसे में ममता बनर्जी के हेलीकॉप्टर की सीवोक एयरबेस पर इमरजेंसी लैंडिंग करानी पड़ी।

# अतीक और अशरफ की हत्या का मामला सुप्रीम कोर्ट पहुंचा, बहन नूरी ने दाखिल की याचिका

नई दिल्ली, 27 जून (एजेन्सी)। माफिया अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ अहमद की पुलिस कस्टडी में हत्या के मामले में परिवार सुप्रीम कोर्ट पहुंच गया है।

कुछ महीने पहले मारे गये कुख्यात अपराधियों अतीक अहमद और अशरफ की बहन ने उच्चतम न्यायालय में एक याचिका दायर कर उनकी हिरासत में और न्यायेतर मौत की जांच के लिए शीर्ष अदालत के एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता में आयोग गठित करने की मांग की है।

अतीक अहमद (60) और उसके भाई अशरफ की अप्रैल महीने में प्रयागराज में उस समय हत्या कर दी गयी थी जब दोनों को पुलिस कर्मी मेडिकल जांच के लिए अस्पताल ले जा रहे थे।

दोनों की बहन आइशा नूरी ने अपनी याचिका में आरोप लगाया है कि उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उनके परिवार को निशाना बनाकर मुठभेड़ में हत्या करने, गिरफ्तारी करने और उत्पीड़न करने का अभियान चलाया जा रहा है और इस मामले में किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा व्यापक जांच कराई जानी चाहिए।





याचिका में कहा गया है, सरकार प्रायोजित हत्याओं में अपने भाइयों और भतीजे को खो चुकी याचिकाकर्ता संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत तत्काल रिट याचिका के माध्यम से इस अदालत में गुहार लगाने को बाध्य है कि प्रतिवादियों द्वारा न्यायेतर हत्याओं के अभियान की व्यापक जांच इस अदालत के किसी सेवानिवृत्त न्यायाधीश की अध्यक्षता वाली समिति द्वारा या किसी स्वतंत्र एजेंसी द्वारा कराई जाए।

इसमें आरोप लगाया गया है, प्रतिवादियों-पुलिस अधिकारियों को उत्तर प्रदेश सरकार का पूरा समर्थन प्राप्त है जिसने उन्हें बदले की भावना के तहत याचिकाकर्ता के परिवार के सदस्यों की हत्या करने, उन्हें गिरफ्तार करने और उनका उत्पीड़न करने की पूरी छूट दे रखी है।

याचिका में दावा किया गया है कि याचिकाकर्ता के परिवार के सदस्यों को चुप करने के लिए सरकार उन्हें एक के बाद एक झूठे मामलों में फंसा रही है।

याचिकाकर्ता ने कहा कि यह जरूरी है कि कोई स्वतंत्र एजेंसी जांच करे जो उच्चस्तरीय सरकारी प्रतिनिधियों की भूमिका का आकलन कर सकेगी जिन्होंने याचिकाकर्ता के परिवार को निशाना बनाने के लिए अभियान चलाने की साजिश रची और उसे अंजाम दिया था।

शीर्ष अदालत में एक अलग याचिका में वकील विशाल तिवारी ने अतीक अहमद और उसके भाई अशरफ की हत्या के मामले में स्वतंत्र जांच की मांग की थी।

उच्चतम न्यायालय ने 28 अप्रैल को तिवारी की याचिका पर सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार से पूछा था कि अतीक अहमद और अशरफ को प्रयागराज में पुलिस अभिरक्षा में चिकित्सा जांच के लिए एक अस्पताल ले जाते समय मीडिया के सामने क्यों पेश किया गया था ?

उत्तर प्रदेश की ओर से पक्ष रख रहे वकील ने शीर्ष अदालत को बताया कि राज्य सरकार घटना की जांच कर रही है और उसने इस बाबत तीन सदस्यीय आयोग बनाया है। शीर्ष अदालत ने राज्य सरकार को घटना के बाद उठाये गये कदमों पर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का निर्देश दिया था।

# नक्सल इलाके के अब सड़के नहीं कटतीं, कहीं कोई टारगेट किलिंग नहीं : सीएम भूपेश





### 'विश्वास, विकास और सुरक्षा की त्रिवेणी को लेकर आगे बढ़ रहे'

रायपुर, 27 जून (एजेन्सी)। रायपुर के सिविल लाइंस स्थित सर्किट हाउस में यूनिफाइड कमांड की बैठक हुई। बैठक में सीएम भूपेश बघेल, गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू शामिल हुए। पीएम नरेंद्र मोदी की यूसीसी पर की गई टिप्पणी पर मीडिया से चर्चा में सीएम ने कहा कि प्रधानमंत्री सिर्फ हिंदू-मुसलमान के हिसाब से क्यों सोचते हैं। छत्तीसगढ़ में आदिवासी हैं और उनके नियम रूढ़ी परंपरा के अनुसार है। अब समान नागरिक संहिता लागू कर देंगे तो उनके रूढ़ी परंपरा का क्या होगा ?

सीएम भूपेश बघेल ने बीजेपी पर पलटवार करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में कहीं कोई टारगेट किलिंग नहीं हो रही है। भाजपा को विश्वास नहीं तो केंद्रीय एजेंसी से जांच करा लें। बस्तर के अंदर हर जनप्रतिनिधि को पूरी सुरक्षा है। नेताओं को रैली या दौरा करने के दौरान पुलिस को साथ रखने का भी निर्देश है।

यूनिफाइड कमांड बैठक को लेकर मुख्यमंत्री ने कहा कि पुलिस को आम बस्तर के लोग दुश्मन मानते थे, जिसमें परिवर्तन आया है। अब पुलिस और आम जनता के बीच मित्रता की स्थिति है। वन विभाग के अधिकारियों के साथ उनकी दुश्मनी रहती थी, क्योंकि वो केस बनाते थे, अब फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के लोग कई तरह के प्रोजेक्ट चला रहे, लघु वनोपज खरीदी का काम कर रहे हैं, उसमें वैल्यूएशन कर रहे हैं तो इन विभागों के साथ लोगों की मित्रता है। दोस्ती का भाव है। पहले जो दुश्मनी थी, अब वह दोस्ती में बदल गई है। हमारे प्रयासों का सुखद परिणाम यह है कि 650 गांव नक्सल मुक्त कराए गए हैं। नक्सलियों की भर्ती में भी कमी आई है।

सीएम ने कहा कि हमारी जो योजना है, हमने जो संकल्प के साथ आगे बढ़ने पर काम किया। विश्वास विकास और सुरक्षा इस त्रिवेणी को लेकर हम आगे बढ़े हैं। इसका सुखद परिणाम आया कि आज नक्सल गतिविधियों में बेहद कमी आई है। दूसरी बात यह है कि हमने करीब 75 कैंप खोलें हैं, पहले तो ऐसी स्थिति थी कि बफर जोन में खोले जाते थे। अब हमने अंदरूनी हिस्सों में भी कैम्प खोले हैं। 23 कैम्प सुकमा जैसे जिले में खुले हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि अबूझमाड़ इलाके में आदिवासियों को हमने पट्टा दिया है, वन अधिकार पट्टा । वहां खेती भी शुरू हो गई है। इसी तरह से लघु वनोपज खरीदी, बंद स्कूलों को शुरू करना और हाट बाजार क्लिनिक योजना, ढाई हजार किलोमीटर सड़क बनाई गई हैं। 34 बड़े पुल पुलिया बनाए गए हैं। इंद्रावती में भी दो पुल बने हैं जो अबूझमाड़ और दंतेवाड़ा और बीजापुर को जोड़ते हैं।

यूनिफाइड कमांड की बैठक में नक्सल इलाकों में एंटी नक्सल ऑपरेशन, कंस्ट्रक्शन, कम्यूनिकेशन, एजुकेशन और हेल्थ मामलों पर राज्य सरकार, केंद्रीय एजेंसियां, स्टेट पुलिस और पैरा मिलिट्री फोर्सेस के बीच बातचीत हुई। आगे का प्लान भी बना है, जिसे गुप्त रखा गया है। बैठक में मुख्य सचिव अमिताभ जैन, पुलिस महानिदेशक अशोक जुनेजा, अपर मुख्य सचिव सुब्रत साहू सहित अनेक वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे।

# कर्नाटक सरकार बिटकॉइन घोटाले का मामला दोबारा जांच के लिए सीआईडी को सौंपेगी

बेंगलुरु, 27 जून (एजेन्सी)। कर्नाटक की कांग्रेस सरकार बिटकॉइन घोटाले के मामले को फिर से जांच के लिए आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) को सौंपने की तैयारी में है। सूत्रों ने यह जानकारी दी।

सूत्रों ने पुष्टि की कि राज्य सरकार दो दिनों में इस संबंध में आधिकारिक आदेश जारी कर सकती है। बेंगलुरु के पुलिस कमिश्नर बी दयानंद ने कर्नाटक के डीजीपी आलोक मोहन को पत्र लिखकर मामले की जांच सीआईडी को सौंपने का अनुरोध किया है।

हाल ही में राज्य के गृह मंत्री डॉ. जी परमेश्वर ने कहा था कि वह इस घोटाले की दोबारा जांच कराएंगे। सूत्रों ने कहा कि अब यह मुख्यमंत्री सिद्धारमैया पर निर्भर है कि वह राज्य पुलिस प्रमुख को मामला सौंपने के लिए हरी झंडी दें। यह घोटाला बेंगलुरु में सीसीबी पुलिस द्वारा अंतरराष्ट्रीय हैकर श्रीकांत उर्फ श्रीकी की गिरफ्तारी के बाद हुआ था।

यह आरोप लगाया गया था कि पूर्व जेपी नेताओं ने उन्हें घोटाला करने की अनुमति देकर भारी मात्रा में पैसा कमाया था, जबकि वह 2020 में कथित तौर पर ड्रग्स बेचने के आरोप में हिरासत में थे। जांच से पता चला है कि आरोपियों ने ऑनलाइन गेमिंग कंपनियों और सरकारी वेब पोर्टल को हैक करके 11 करोड़ रुपये उड़ाए थे।

फिर उन्होंने पैसे को बिटकॉइन में बदल दिया और बेंगलुरु में ड्रग तस्करी को अंजाम दिया। कर्नाटक कांग्रेस प्रभारी रणदीप सिंह सुरजेवाला ने बिटकॉइन घोटाले को लेकर केंद्र और पूर्व मुख्यमंत्री बसवराज बोम्मई पर हमला बोला था।

उन्होंने पूछा था कि बसवराज बोम्मई की भूमिका और जिम्मेदारी क्या है ? बिटकॉइन घोटाले की परतें आखिरकार खुल रही हैं। भारत के गृह मंत्री और मुख्यमंत्री बोम्मई को जवाब देने दीजिए। कर्नाटक भाजपा सरकार के तहत भारत के सबसे बड़े बिटकॉइन घोटाले की जांच के लिए एफबीआई भारत में है।

उन्होंने कहा था कि यदि हां, तो जांच और राजनीतिक लोगों सहित संदिग्धों का विवरण जारी करें। कितने बिटकॉइन चोरी हुए ? उनकी कीमत कितनी थी ? कर्नाटक में कौन शामिल है ? क्या चुराए गए बिटकॉइन व्यवस्थित हैकर श्रीकृष्ण के वॉलेट से ट्रांसफर किए गए थे ?

क्या 'व्हेल अलर्ट' में दो तारीखों 1 दिसंबर, 2020 और 14 अप्रैल, 2021 को 5,240 करोड़ रुपये मूल्य के 14,682 चुराए गए बिटफिनेक्स बिटकॉइन के हस्तांतरण को दर्शाया गया है, जब श्री कृष्ण हिरासत में थे, इसका कोई संबंध है ? इंटरपोल को सूचित क्यों नहीं किया गया ? भाजपा सरकार ने इंटरपोल को लिखने के लिए 24 अप्रैल 2021 तक 5 महीने से अधिक समय तक इंतजार क्यों किया और वह भी 17 अप्रैल 2021 को श्री कृष्णा की रिलीज के बाद।

उन्होंने यह भी सवाल किया कि कर्नाटक भाजपा सरकार द्वारा राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए), गंभीर धोखाधड़ी जांच कार्यालय (एसएफआईओ) और प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) को सूचित क्यों नहीं किया गया।

आरडीपीआर, आईटी और बीटी मंत्री प्रियांक खड़गे ने तब कहा था कि मेरा मानना है कि एफबीआई अरबों डॉलर के बिटकॉइन घोटाले की जांच के लिए दिल्ली में है। जैसा कि मैंने पहले कहा, अगर राज्य इस मामले की जांच करता है, तो बिटकॉइन घोटाले की कई परतें खुलेंगी और भाजपा के कई राज सामने आ जाएंगे।

# केवल भागोप्रमो ही गोरखा के अस्तित्व को बचा सकती है : अमित थापा

**अनुगामिनी नि.सं.**

दार्जिलिंग, 27 जून । भारतीय गोरखा प्रजातांत्रिक मोर्चा (भागोप्रमो) के अध्यक्ष अनित थापा ने आज मिरिक के रंगभंग ग्राम पंचायत के गोपालधारा इलाके में जाकर चुनाव प्रचार किया। प्रचार के दौरान उन्होंने कहा कि पंचायत चुनाव गोरखाओं के प्रति बीजेपी की गलत सोच और नजरिए का जवाब है।

यह आरोप लगाते हुए कि भाजपा गोरखाओं को यह अफवाह फैलाकर फिर से भटकाने की कोशिश कर रही है कि हम पंचायत चुनाव लाए हैं, उन्होंने कहा कि भाजपा उन्हें फिर से भटका रही है। जिन्होंने हमें 15 साल तक भटकाया, उन्हें वापस जवाब देने का समय आ गया है।

थापा ने कहा कि यह चुनाव गोरखाओं के बारे में भाजपा की सोच का जवाब देने वाला चुनाव होना चाहिए। उन्होंने कहा कि वोट लेने वाले कई नेता आए और वोट लेने के बाद वे वापस नहीं आए। इसलिए हमें सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने दावा किया कि हम चुनाव जीतने जा रहे हैं, लेकिन हमें बड़े अंतर से जीतकर जवाब देना होगा।

उन्होंने कहा कि तृणमूल पार्टी के साथ कोई चुनावी गठबंधन नहीं है बल्कि उनका गठबंधन तृणमूल सरकार के साथ है। यह कहते हुए कि तृणमूल ने कभी भी क्षेत्रीय राजनीति में दखल नहीं दिया है श्री थापा ने कहा कि भाजपा अब हमारे शिविर में प्रवेश कर गई है। हमारे शिविर में उनके प्रवेश का मतलब हमारी आवाज छीनना है।

विपक्ष द्वारा बार-बार त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव का मुद्दा उठाए जाने पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए उन्होंने कहा, त्रिस्तरीय पंचायत को लागू करने का मुद्दा एक केंद्रीय मुद्दा है जिसे राजू बिष्ट को करना चाहिए। जीटीए क्षेत्र में संविधान में संशोधन के बाद ही त्रिस्तरीय पंचायत का आयोजन किया जा सकता है। उन्होंने कहा, मेरा गठबंधन जनता के साथ है। भागोप्रमो ही एकमात्र पहाड़ी पार्टी है जो क्षेत्रवाद और गोरखाओं के अस्तित्व को बचा सकती है। क्षेत्रवाद हमारी आवाज है।

## तीन चरणों में ......

और अन्य अतिथियों द्वारा आदि कवि भानुभक्त आचार्य को श्रद्धांजलि देने के बाद, एक भव्य सांस्कृतिक जुलूस हमेशा की तरह भानु उद्यान से शुरू होगा और भानुपथ, एमएलए हॉस्टल, तिब्बत रोड, टाइटैनिक पार्क, अस्पताल डांड़ा से होकर गुजरेगा और मनन केंद्र पर समाप्त होगा, जहां समारोह का दूसरा और तीसरा चरण संपन्न होगा। आयोजकों ने जानकारी दी है कि इस साल के जुलूस में राज्य के सभी 32 समुदायों को आमंत्रित किया जाएगा।

अध्यक्ष हरि ढुंगेल के अनुसार कार्यक्रम के दूसरे चरण में मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग मुख्य अतिथि होंगे। इस अवसर पर विभिन्न क्षेत्रों में प्रतिष्ठित भानु पुरस्कार के साथ-साथ भाषा गौरव सम्मान और सेवाश्री सम्मान भी प्रदान किये जायेंगे। दिन का तीसरा और अंतिम चरण कार्यक्रम मनन केंद्र, नेसाप में एक रंगीन संगीत और मनोरंजन कार्यक्रम है। इस कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण नेपाल के बेहद लोकप्रिय हास्य कलाकार हरिवंश आचार्य और मदन कृष्ण श्रेष्ठ हैं। कलाकार के रूप में लंबे समय के बाद यह जोड़ी सिक्किम आ रही है। अध्यक्ष ढुंगेल ने बताया कि इसके अलावा स्थानीय कलाकार भी अपनी प्रस्तुतियां देंगे।

# 250 से 300 सीटों पर कांग्रेस लड़ेगी चुनाव, सीट शेयरिंग फार्मूला हुआ तय!

नई दिल्ली, 27 जून (एजेन्सी)। विपक्षी पार्टियों ने कांग्रेस को बड़ा भाई मानकर लोकसभा चुनाव लड़ने का मन बना लिया है। 23 जून को पटना में हुई बैठक के बाद कांग्रेस के बड़े नेताओं ने दिल्ली में मंथन किया। तमाम विपक्षी पार्टियों की तरफ से सीट शेयरिंग को लेकर की गई बातचीत के बाद कांग्रेस यह मान चुकी है कि उसे 250 और 300 के बीच सीटों पर लोकसभा का चुनाव लड़ना है।

साथ ही साथ कांग्रस ने यह भी तय कर लिया है कि जिन-जिन राज्यों में स्थानीय पार्टियों का दबदबा है उन्हें वहां ज्यादा सीटें दी जाएंगी, जबकि यह तय हुआ है कि जहां-जहां कांग्रेस की सरकारें हैं वहां, और दक्षिण भारत के राज्यों में विपक्ष की किसी भी पार्टी का कोई भी उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं होगा। बीते 23 जून को बिहार की राजधानी पटना में विपक्षी पार्टियों की जो मीटिंग हुई थी, उसमें सीट शेयरिंग पर भी खुलकर बात हुई थी। वो अलग बात है कि सीट शेयरिंग को लेकर की गई बातचीत का खुलासा विपक्ष के किसी भी नेता ने नहीं किया था, लेकिन गोपनीय सूत्रों से मिली जानकारी के मुताबिक यह लगभग तय हो गया है कि कांग्रेस 250 और 300 के बीच की सीटों पर चुनाव लड़ेगी। दक्षिण के 4 राज्य आंध्र प्रदेश,तेलंगाना, कर्नाटक और केरल में कांग्रेस अपने दम पर चुनाव लड़ेगी, जबकि तमिलनाडु में डीएमके प्रमुख एम के स्टालिन के साथ सीट शेयरिंग की जाएगी।

राजस्थान, मध्य प्रदेश, हिमाचल प्रदेश और छत्तीसगढ़ में किसी भी विपक्षी पार्टी का उम्मीदवार चुनाव मैदान में खड़ा नहीं होगा। इन चारों राज्यों में कांग्रेस के उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। पश्चिम बंगाल में ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस से 80 परसेंट उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। जबकि बिहार में जनता दल यूनाइटेड और राष्ट्रीय जनता दल के 70 प्रतिशत उम्मीदवार चुनाव मैदान में होंगे। झारखंड में भी हेमंत सोरेन को ज्यादा सीटें दी जाएंगी। महाराष्ट्र में कांग्रेस, उद्धव ठाकरे की पार्टी और एनसीपी के बीच सीटों की भागेदारी लगभग बराबर-बराबर की होगी। जम्मू कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेशों को लेकर अभी कोई ठोस निर्णय नहीं हो पाया है।

विपक्षियों की बैठक में सबसे बड़ा पेंच फंसा है उत्तर प्रदेश को लेकर। उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी दूसरे नंबर की सबसे बड़ी पार्टी है। कांग्रेस के पास वहां एक भी सीट नहीं है। ऐसे में सूत्र से मिली जानकारी के मुताबिक अखिलेश यादव ने 70 प्रतिशत सीटों की डिमांड की है। हालांकि कांग्रेस की तरफ से कोई हरी झंडी नहीं दी गई है। लेकिन इतना तो तय है कि उत्तर प्रदेश में समाजवादी पार्टी के हिस्से में 50 प्रतिशत से भी ज्यादा सीटें आएंगी।

दिल्ली को लेकर असमंजस की स्थिति बनी हुई है लेकिन यहां का फार्मूला भी लगभग तय हो चुका है अरविंद केजरीवाल ने 4 सीटों पर चुनाव लड़ने की बात की है जबकि कांग्रेस ने 2 सीटें देने का मन बना लिया है। जिस तरीके से बातचीत हुई है उसे देखते हुए पूरी संभावना है कि शायद दिल्ली में अरविंद केजरीवाल की पार्टी आम आदमी पार्टी 3 लोकसभा सीटों पर चुनाव लड़ेगी। जबकि कांग्रेस के खाते में 4 सीटें आएंगी।

विपक्षी पार्टियों की अगली बैठक 12 जुलाई को शिमला में होने जा रही है। ऐसी संभावना जताई जा रही है कि उस बैठक में सीटों के बंटवारे को लेकर जो मौखिक तौर से बातचीत हुई है उस पर मुहर लग जाएगी। लेकिन उस बैठक के बाद भी शायद इस बात का खुलासा नहीं किया जाएगा कि कौन सी पार्टी कितने सीटों पर चुनाव लड़ेगी। विपक्षी पार्टियों ने एक रणनीति के तहत इन बैठकों का एक प्रारूप तैयार किया है,जो लगातार चलती रहेंगी, और संभवत: इस तरह की बैठकें तब तक चलती रहेंगी, जब तक कि लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी नहीं हो जाती।

सूत्रों की बात पर यकीन करें तो लोकसभा चुनाव की अधिसूचना जारी होने से पहले विपक्षी पार्टियों के बीच सीटों के बंटवारे को लेकर तैयार हुआ फार्मूला लगभग तय हो चुका होगा।

विपक्षी पार्टियों ने भाजपा और प्रधानमंत्री मोदी को मात देने के लिए जो योजना तैयार की है वह कितनी सफल होती है, वह तो चुनाव के बाद ही पता चलेगा लेकिन इन्होंने जो भी फार्मूला तैयार किया है उसे देखते हुए एक बात तो आसानी से समझी जा सकती है कि आगामी लोकसभा चुनाव बड़ा ही दिलचस्प होने वाला है।


NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 01:00 PM
DEAR GODAVARI TUESDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:13 DrawDate on:27/06/23 MRP ₹ 6/-
1st Prize ₹ 1 Crore/- 64K 20010
Cons. Prize ₹ 1000/- 20010 (Remaining All Serial & Series)
2nd Prize ₹ 9000/-
02391 07411 14571 23284 32232 33516 43157 51585 61850 86121
3rd Prize ₹ 450/-
1650 1952 4496 4695 5220 5537 5878 7784 9014 9969
4th Prize ₹ 250/-
1867 3147 4814 5509 6779 6946 7995 8028 9703 9993
5th Prize ₹ 120/-
0120 0199 0312 0346 0499 0554 0647 0700 0723 0727
0836 0902 0921 1103 1126 1264 1448 1452 1661 1743
1826 1930 1977 1981 2224 2331 2343 2442 2700 2714
2803 2932 3012 3149 3162 3198 3225 3226 3328 3348
3549 3624 3630 3814 4056 4057 4082 4134 4352 4546
4757 4986 5107 5108 5119 5157 5164 5336 5384 5398
5409 5422 5756 6166 6378 6387 6534 6732 6922 7022
7025 7154 7289 7336 7371 7783 7861 8044 8077 8156
8169 8231 8258 8301 8375 8518 8581 8630 8729 8879
8921 9006 9072 9177 9220 9267 9268 9437 9524 9653
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 06:00 PM
DEAR WAVE TUESDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:13 DrawDate on:27/06/23 MRP ₹ 6/-
1st Prize ₹ 1 Crore/- 97B 03386
Cons. Prize ₹ 1000/- 03386 (Remaining All Serial & Series)
2nd Prize ₹ 9000/-
06455 30032 44928 50541 51682 60904 69914 72801 84003 84546
3rd Prize ₹ 450/-
0544 1098 1261 2600 3666 3672 4523 6212 7180 7868
4th Prize ₹ 250/-
0146 1132 2000 3684 5087 6000 6286 6721 7227 8715
5th Prize ₹ 120/-
0063 0064 0097 0106 0385 0470 0506 0511 0540 0655
0664 0714 0740 0817 0842 0859 0890 0971 1083 1150
1360 1491 1585 1761 1814 2134 2413 2482 2521 2585
2866 2931 3044 3076 3180 3251 3281 3285 3584 3597
3640 3782 4076 4185 4292 4373 4462 4500 4527 4605
5075 5119 5156 5224 5301 5342 5364 5383 5576 5674
5705 5722 5982 6079 6109 6168 6235 6744 6919 7130
7159 7287 7314 7427 7594 7606 7613 7686 7708 7724
8018 8144 8159 8160 8287 8492 8501 8654 8665 8700
8788 8972 9267 9398 9434 9560 9653 9719 9811 9948
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

NAGALAND STATE LOTTERIES
Draw Time: 08:00 PM
DEAR GOOSE TUESDAY WEEKLY LOTTERY
Draw No:13 DrawDate on:27/06/23 MRP ₹ 6/-
1st Prize ₹ 1 Crore/- 69E 25166
Cons. Prize ₹ 1000/- 25166 (Remaining All Serial & Series)
2nd Prize ₹ 9000/-
02829 07006 17527 18718 47101 51544 67116 77368 81713 99450
3rd Prize ₹ 450/-
1421 1911 4422 4504 4627 4805 6678 7758 8695 9893
4th Prize ₹ 250/-
0553 0976 1192 3410 3853 7059 7783 7954 9680 9861
5th Prize ₹ 120/-
0026 0353 0461 0567 0570 0596 0939 1037 1063 1101
1248 1323 1387 1398 1690 1970 1993 2243 2386 2414
2601 2691 2820 2902 3105 3108 3310 3414 3435 3515
3577 3593 3618 3619 3847 3950 4042 4230 4327 4584
4609 4763 4926 4938 5269 5305 5368 5433 5488 5624
5663 5682 5727 5822 5846 5916 6023 6038 6147 6159
6267 6294 6418 6425 6554 6799 6817 6828 6888 7008
7043 7379 7388 7429 7435 7651 7677 7795 7816 7944
8039 8118 8166 8251 8272 8390 8508 8809 8885 8899
8918 9104 9219 9481 9586 9615 9708 9745 9872 9915
ISSUED BY : THE DIRECTOR
NAGALAND STATE LOTTERIES, KOHIMA, NAGALAND
For Results, Please Visit : Www.Nagalandlotteries.Com
KINDLY CHECK THE RESULT WITH THE OFFICIAL GAZETTE

# पुरानी दोस्ती, नई जान

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की बहुचर्चित और बहुप्रचारित अमेरिका यात्रा से लगा होने की वजह से उनके मिस्र दौरे को मीडिया में भले ही उस तरह की तवज्जो न मिल पाई हो, लेकिन यह यात्रा भी खासी अहम थी। न केवल दोनों देशों के आपसी रिश्तों के लिहाज से बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति के व्यापक समीकरणों के नजरिए से भी इस यात्रा के निहितार्थ गौर करने लायक हैं। ध्यान रहे, प्रधानमंत्री की इस यात्रा से पहले इसी साल मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी गणतंत्र दिवस के मौके पर चीफ गेस्ट के रूप में मौजूद थे। उससे पहले सितंबर में भारत के रक्षा मंत्री और फिर अक्टूबर में विदेश मंत्री मिस्र की यात्रा पर गए थे। जाहिर है, पिछली सदी में गुटनिरपेक्ष आंदोलन में साथ-साथ लंबी पारी खेल चुके दोनों देश नई सदी में अपने रिश्तों को नई ऊंचाई देने को प्रतिबद्ध हैं। इस यात्रा के दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मिस्र के राष्ट्रपति अल-सिसी का ऐतिहासिक सामरिक भागीदारी समझौते पर हस्ताक्षर करना और पीएम मोदी को मिस्र का सर्वोच्च सम्मान- ऑर्डर ऑफ द नाइल- प्रदान किया जाना दोनों देशों के इसी संकल्प के संकेत हैं। ऐसे संकेत और भी हैं। इसी साल सितंबर में भारत में होने वाले जी-20 शिखर सम्मेलन में मिस्र को विशेष अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया है। मिस्र ब्रिक्स का भी सदस्य बनना चाहता है और भारत इसमें भी उसका समर्थन कर रहा है।

ये बातें दर्शाती हैं कि दोनों देश आने वाले दौर में आपसी सहयोग के फायदों को अच्छी तरह समझ रहे हैं। भारत जहां दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्थाओं में शामिल है और कोरोना महामारी के बाद यूक्रेन युद्ध के चलते चुनौतियों से जूझते मिस्र को सहारा दे सकता है, वहीं मिस्र भी अपने स्ट्रैटेजिक लोकेशन के चलते भारत के लिए कई तरह से मददगार हो सकता है। यह न केवल एशिया को अफ्रीका से जोड़ता है बल्कि स्वेज नहर के जरिए पूरे एशिया को भूमध्यसागर और यूरोप से जोड़ता है। यह 11 करोड़ की आबादी वाला सबसे बड़ा अरब देश है। मुस्लिम विश्व के सबसे प्रभावशाली देशों में शुमार होता है। इस बिंदु पर यह भी याद रखने की जरूरत है कि प्रधानमंत्री ने अफ्रीकन युनियन को जी-20 में जोड़ने का प्रस्ताव किया है। यह पहल न केवल अफ्रीकी देशों के साथ भारत के भावनात्मक जुड़ाव को मजबूती देगी बल्कि अंतरराष्ट्रीय राजनीति में भारत के प्रभाव में भी इजाफा करेगी। मिस्र के जरिए इन देशों तक पहुंच बनाना भारत के लिए आर्थिक और व्यापारिक सहयोग की नई संभावनाओं के द्वार खोल सकता है। ऐसे में जरूरी है कि मिस्र की प्रधानमंत्री की इस यात्रा को इस दौरान हुए एमओयू तक सीमित करके न देखा जाए। बेशक ये कृषि और पुरातत्व जैसे कुछ खास क्षेत्रों में सहयोग की ठोस जमीन तैयार करते हैं लेकिन दोनों देश सहयोग की जो संभावनाएं आगे देख रहे हैं, उन पर नजर बनाए रखना कहीं ज्यादा महत्वपूर्ण है।

# उपलब्धि से ईर्ष्या क्यों है पाकिस्तान को

आचार्य पवन त्रिपाठी

60 की उम्र पार कर चुके लोगों के जेहन में 1971 की कुछ यादें अभी भी ताजा होंगी। जब रोज सुबह आनेवाले अखबारों में खबरें छपती थीं कि पाकिस्तान के समर्थन में अमेरिका का सातवां बेड़ा निकल चुका है, या यहां-वहां पहुंच गया है।

आज उसी अमेरिका की संसद में भारतीय प्रधानमंत्री के लगभग एक घंटे के भाषण पर 79 बार तालियां बजना और 15 बार स्टैंडिंग ओवेशन मिलना आश्चर्यजनक नहीं है क्या? है। दुनिया मान भी रही है। लेकिन भारत के कुछ लोग यह मानने को तैयार नहीं हैं।

आज के युग में दुनिया के किसी भी देश के लिए विदेश नीति के मोर्चे सफल होना सबसे बड़ी जरूरत होती है। इसी से उसकी आर्थिक-सामाजिक प्रगति जुड़ी होती है। विदेश नीति कोई एक दिन में परवान चढ़नेवाली चीज नहीं होती। इसके लिए कई मोर्चों पर सतत प्रयास करने पड़ते हैं। अलग-अलग देशों के साथ बड़ी सावधानी से कदम बढ़ाने पड़ते हैं। खासतौर से तब जब रूस-यूक्रेन युद्ध जैसी स्थिति चल रही हो। ऐसे में आप रूस से कच्चा तेल भी खरीद रहे हों, यूक्रेन से बात भी कर रहे हों, और अमेरिका की संसद में तालियां बटोरकर स्टैंडिंग ओवेशन भी ले रहे हों, तो यह आश्चर्यजनक नहीं लगता क्या? ये आश्चर्यजनक उन्हीं को नहीं लगता, जिनकी आंखों पर मोदी विरोध की पट्टी बंधी हुई हो। भारत जैसा दुनिया की सबसे बड़ी आबादी का देश आज तब तक प्रगति नहीं कर सकता, जब तक कि उसे साधनों-संसाधनों के मोर्चे पर अन्य सक्षम देशों से तकनीकी मदद न मिल पाए। ये मदद कोई यों ही तो नहीं कर देता।

विदेश नीति सीधा लेन-देन का विषय है। सामनेवाले को हम ताकतवर दिखाई देंगे, तो ही वह हमसे हाथ मिलाने को तैयार होगा। वरना मेहरबानी का लाल गेहूं तो 1960 में भी अमेरिका से हम पाते ही रहे हैं। आज हाथ मिलाना तो बहुत पीछे छूट चुका है। अब तो पैर छुए जा रहे हैं। प्रधानमंत्री की सलाह पर सिडनी में लखनऊ की चाट और जयपुर की जलेबियां खाई जा रही हैं, और अमेरिकी संसद में उनके भाषण पर तालियां पीटी जा रही हैं, ऑटोग्राफ लिए जा रहे हैं। आज हम इस स्थिति में पहुंचे हैं, तभी भारत और अमेरिका एक साथ मिलकर पाकिस्तान को आतंकी गतिविधियां रोकने के लिए सख्त हिदायत देने की स्थिति में आ सके हैं।

याद है, कुछ वर्ष पहले हुआ अमेरिकी राष्ट्रपति बराक ओबामा का भारत दौरा। मुंबई के सेंट जेवियर्स कॉलेज में प्रेस कान्फ्रेंस के दौरान ओबामा से पाकिस्तानी आतंकवाद के बारे में बार-बार कोई टिप्पणी करवाने की कोशिश पर भी ओबामा ने पाकिस्तान के विरोध में एक शब्द नहीं बोला था। यहां तक कि 2021 में हुई मोदी और बाइडन की पहली द्विपक्षीय वार्ता के बाद जारी संयुक्त बयान में भी पाकिस्तान का नाम नहीं लिया गया था। लेकिन गुरुवार को जारी संयुक्त बयान में पाकिस्तान का सीधे तौर पर नाम लिया गया। भारत-अमेरिका के इस बदले हुए साझा रुख से पाकिस्तान की शहबाज सरकार की नींद उड़ गई है। दोनों नेताओं ने सीमा पर आतंकवाद की कड़े शब्दों में निंदा की है, और पाकिस्तान से साफ कहा है कि वह सुनिश्चित करे कि उसकी जमीन का इस्तेमाल आतंकवादी गतिविधियों के लिए न हो। भारत-अमेरिका की इस दोस्ती ने विश्व मंच पर पाकिस्तान को अप्रासंगिक बना दिया है।

भारत-अमेरिका की इस शिखर वार्ता में चीन का खुलकर नाम भले न लिया गया हो, लेकिन संयुक्त बयान में कई ऐसे तथ्यों की ओर इशारा किया गया है, जो चीन की ओर ही इशारा करते हैं। बात रक्षा क्षेत्र में खरीदारी की हो, या संयुक्त राष्ट्र की कार्यप्रणाली में सुधार की, हर मोर्चे पर भारत को सफलता मिल रही है, और वह साफगोई के साथ आगे बढ़ता दिखाई दे रहा है। अमेरिकी कंपनी जनरल इलेक्ट्रिक (जीई) एवं भारतीय कंपनी हिंदुस्तान एयरोनाटिक्स लि. ( ) के बीच हुआ समझौता साफ संकेत है कि रक्षा क्षेत्र में अमेरिका अब भारत को अहम तकनीक देने को भी तैयार है। यह तकनीक भारतीय सेना के लिए लड़ाकू जेट इंजन बनाने के काम आएगी। अब तक खरीदार एवं विक्रेता के रिश्तों से आगे बढ़ते हुए तकनीक ट्रांसफर तक पहुंचना हमारी विदेशनीति की एक बड़ी उपलब्धि है, और मानी जानी चाहिए। 31 प्रिडेटर ड्रोन की खरीद सहित रक्षा क्षेत्र में हुए कई और सौदों के कारण भविष्य में भारत अपने चीन और पाकिस्तान जैसे पड़ोसी देशों पर बढ़त बनाने में कामयाब होगा।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जब विदेश जाते हैं तो वहां रह रहे भारतवंशी उनका बड़े उत्साह से स्वागत करते हैं। इसका कारण है पिछले कुछ वर्षों में उनका वहां बढ़ा सम्मान। इस सम्मान के साथ-साथ उनकी सुविधाएं भी बढ़ रही हैं। पढ़ाई, नौकरी या व्यवसाय के लिए भारत से अमेरिका जाना आम बात है। इन उद्देश्यों से अमेरिका जानेवाले भारतवंशियों के लिए एच-1बी वीजा का नवीकरण एक बड़ा मुद्दा रहा है। एच-1बी वीजा अमेरिकी कंपनियां अपने विदेशी कर्मचारियों के लिए जारी करती हैं। ये वीजाधारक अपनी पत्नी-बच्चों के साथ अमेरिका में रह सकता है। अमेरिकी सरकार के आंकड़ों के मुताबिक अमेजान, इंफोसिस, टाटा कंसलटेंसी, अल्फाबेट और मेटा कंपनियां एच-1बी वीजा का सबसे ज्यादा इस्तेमाल कर रही हैं। यह वीजा एक बार में तीन साल के लिए ही जारी किया जाता है। फिलहाल, इस वीजा के नवीकरण के लिए किसी दूसरे देश में स्थित अमेरिकी दूतावास की सेवाएं लेनी पड़ती हैं। लेकिन प्रधानमंत्री की इस यात्रा के बाद बाइडन प्रशासन कुशल भारतीय कामगारों को अमेरिका आने और वहां बने रहने में मदद करने के लिए एच-1बी के वीजा नियमों में बदलाव करने जा रहा है।

अमेरिका में रहनेवाले हजारों भारतीय अब वहां रहते हुए ही अपने एच-1बी वीजा का नवीकरण करवा सकेंगे। अमेरिकी प्रशासन की नीति में इस बदलाव के बाद यह लाभ भारतीयों के साथ-साथ अन्य देशों के निवासियों को भी मिलेगा। विदेश में रह रहे भारतवंशियों को मिलनेवाली इन्हीं सुविधाओं का नतीजा है कि अनेक देशों में प्रधानमंत्री मोदी अपनी इतनी बड़ी-बड़ी सभाएं कर डालते हैं, जितनी भारत के कई नेता भारत में भी नहीं कर पाते।

# 1.75 अरब लोगों के बीच दिखी अभूतपूर्व गहराई और रिश्तों की गर्मजोशी

सुरेंद्र कुमार

विदेशी धरती पर भारत को जितने सकारात्मक ढंग से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पेश करते हैं, उतना कोई और नहीं कर सकता। उनमें बेहद अतिरंजित ढंग से यह बताने की क्षमता है कि नया भारत क्या है, उसने क्या हासिल किया है, और आने वाले दिनों में क्या कुछ हासिल करने का वह इरादा रखता है। हाल ही में संपन्न अमेरिका का उनका राजकीय दौरा असंदिग्ध रूप से बताता है कि वह भारत के सर्वश्रेष्ठ दूत हैं।

भारत की शानदार ब्रैंडिंग के लिए सुचिंतित नजरिया, सतर्क व परिश्रम भरी तैयारी तथा विभिन्न क्षेत्रों के लोगों से मुलाकात व बातचीत की जरूरत पड़ती है। न्यूयॉर्क पहुंचने के कुछ ही घंटे के भीतर प्रधानमंत्री मोदी ने सावधानी से चुने गए उद्योग घराने के नेताओं, जनमत तैयार करने वालों और चिंतकों, जिनमें एक नोबेल पुरस्कार प्राप्त व्यक्ति भी थे, शिक्षा जगत से जुड़े लोगों और लेखकों, विश्व बैंक के वरिष्ठ उपाध्यक्ष, एक अरबपति निवेशक, स्वास्थ्य सेवा विशेषज्ञों, थिंकटैंक तथा एक भारतीय-अमेरिकी गायिका फाल्गुनी शाह से मुलाकात की।

ट्विटर के मालिक एलन मस्क उनसे मिलने गए और बाहर निकलने के बाद उनकी टिप्पणी थी, 'मैं मोदी का एक प्रशंसक हूं।' ट्विटर के पूर्व सीईओ डोरेसी के इस सनसनीखेज दावे की पृष्ठभूमि में, कि भारतीय अधिकारियों ने ट्विटर को धमकाया था, मस्क की इस टिप्पणी से भारत की चिंता दूर हो जाती है कि ट्विटर संबंधित देशों के राष्ट्रीय कानूनों का पालन करेगा।

अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के जरिये सदियों पुराने भारतीय योग का रूपांतरण, विगत 21 जून को संयुक्त राष्ट्र मुख्यालय के लॉन में भागीदारी, योग को मैत्री, शांति और समन्वय से जोड़ते हुए जी-20 की थीम-एक विश्व, एक परिवार, एक भविष्य से जोड़ना, साथ ही, वसैधव कटुंबकम के संदेश को रेखांकित करना प्रधानमंत्री मोदी का मास्टर स्ट्रोक था। अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन के साथ निजी डिनर से पहले मोदी ने उनकी पत्नी डॉ. जिल बाइडन की मेजबानी में नेशनल साइंस फाउंडेशन की एक बैठक में भाग लिया, जहां उन्होंने कौशल, प्रशिक्षण और शोध जैसे मुद्दों पर चर्चा की।

प्रतीकों का शानदार इस्तेमाल करने में मोदी को महारत हासिल है। उनके द्वारा डॉ. जिल बाइडन को उपहार में दिया गया हरा हीरा अगर अर्थपूर्ण था, तो बाइडन को दिए गए उपहार भी उतने ही मानीखेज थे : चंदन की लकड़ी के छोटे बॉक्स में चांदी के गणेश जी, एक दीया, ताम्रपत्र और दशदानम भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत और विविधता के प्रमाण थे, तो डब्ल्यूबी यीट्स तथा पुरोहित स्वामी द्वारा अनूदित टेन प्रिंसिपल उपनिषद्स की प्रति भारत और अमेरिका के बीच के आध्यात्मिक और बौद्धिक संबंध के बारे में बताती थी। संयुक्त रूप से एफ 414 जेट इंजन निर्माण के लिए जनरल इलेक्ट्रिक एयरोस्पेस और एचएएल (हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड) के बीच मोदी की उपस्थिति में हुए समझौते को, जिसे दो देशों के बीच मजबूत रक्षा संबंधों का प्रमाण बताया जा रहा है, अनेक विशेषज्ञ अमेरिका के साथ हुए असैन्य परमाणु समझौते जैसा महत्वपूर्ण बता रहे हैं। यह कदम जहां हमारे आत्मनिर्भर भारत अभियान को गति देगा, वहीं इससे वायुसेना को बेहतर तकनीकी क्षमता हासिल होगी।

इस अवसर पर बाइडन ने कहा, 'हम अपनी रक्षा साझेदारी को अधिकाधिक संयुक्त उपक्रमों से लैस करने के साथ रक्षा उद्योगों के बीच ज्यादा आपसी सहयोग और तमाम क्षेत्रों में ज्यादा विचार-विमर्श और सहयोग पर जोर दे रहे हैं।' बाइडन ने अमेरिका में भारतीय फर्मों के निवेश को रेखांकित करने के साथ एयर इंडिया द्वारा 200 बोइंग विमानों की खरीद के आदेश का जिक्र किया। इस सौदे में भारत को 31 एमक्यू-9बी आक्रामक ड्रोन मिलेंगे, जिनमें 15 हमारी नौसेना के लिए होंगे और आठ-आठ थलसेना और वायुसेना के लिए। अमेरिकी कंम्प्यूटर चिप निर्माता कंपनी माइक्रॉन द्वारा गुजरात में 85 करोड़ डॉलर का निवेश करने की घोषणा तकनीकी सहयोग की दिशा में एक और बड़ा कदम है। लैम रिसर्च 60,000 भारतीय इंजीनियरों को सेमी कंडक्टर का प्रशिक्षण देगा। दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव का मानना है कि इससे सेमी कंडक्टर के क्षेत्र में अपने यहां व्यापक रूपांतरण होगा।



अमेरिकी कांग्रेस को दूसरी बार संबोधित करते हुए मोदी, इस उपलब्धि तक पहुंचने वाले वह भारत के इकलौते प्रधानमंत्री हैं, भारत की ब्रैंडिंग करने के मामले में अपने शिखर पर थे। दुनिया भर के लोगों का स्वागत करने और अमेरिकी सपने पूरे करने में मददगार बनने के लिए उन्होंने अमेरिका का शुक्रिया तो अदा किया ही, लगे हाथ भारत में अपने राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी को उन्होंने सलाह भी दे डाली : 'घर में भले ही हमारे विचारों में भिन्नता हो, लेकिन बाहर अपने देश की बात करते हुए हमें एक स्वर में बोलना चाहिए।' अपनी सरकार पर सवाल उठाने वाले अमेरिकियों को भी उन्होंने यह कहते हुए खामोश कर दिया कि 'भारत लोकतंत्र की जननी है।' वह कह रहे थे : 'आज दुनिया भारत के बारे में ज्यादा से ज्यादा जानना चाहती है।...हर आदमी भारत के विकास, लोकतंत्र और विविधता को समझना चाहता है। प्रत्येक व्यक्ति यह जानना चाहता है कि भारत क्या कर रहा है। हमारी शक्ति बढ़ रही है, साथ ही, हमारी गति भी बढ़ रही है। जब भारत आगे बढ़ता है, तब दुनिया आगे बढ़ती है।'

उपराष्ट्रपति कमला हैरिस तथा विदेश मंत्री ब्लिंकन द्वारा आयोजित भोज में मोदी ने कमला हैरिस की भारतीय जड़ को रेखांकित करते हुए कहा कि वह दुनिया भर की महिलाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। भारत-अमेरिकी रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने के लिए उन्होंने ब्लिंकन का भी शुक्रिया अदा किया।

मोदी और बाइडन की मुलाकात पर अमेरिकी राजदूत एरिक गारसेटी का कहना था : 'पहली बार न सिर्फ सत्ता राजनीति के शिखर पर बैठे दो व्यक्ति भविष्य के बारे में बात करने के इच्छुक थे, बल्कि दो देशों के 1.75 अरब लोगों के बीच जैसी गहराई और रिश्तों की जो गर्मजोशी और आपसी संपर्क दिखा, वैसा पहले कभी नहीं हुआ था। मुझे लगता है कि इतिहास इसी तरह लिखा जाता है।'

# हिंसा की सियासत

शंकर जालान

पंचायत राज की स्थापना का सीधा-सीधा मतलब था कि हर वर्ग और हर व्यक्ति को न केवल सरकारी योजनाओं का ज्ञान रहे, बल्कि लाभ भी मिले।

इसी बात को ध्यान में रखते हुए पंचायत राज को बढ़ावा दिया गया कि व्यक्ति पंचायत प्रमुख या पंचायत प्रधान के जरिए अपनी दिक्कतों को सरकार तक पहुंचा सके, लेकिन कालक्रम में ज्यों-ज्यों राजनीति में असामाजिक तत्वों का बोलबाला बढ़ा और राजनेताओं के प्रति जनता का विश्वास कम हुआ त्यों-त्यों राजनीति में हिंसा का चलन बढ़ता गया। चाहे कोई नेता हो या दल, चुनाव जीतने के लिए मुद्दों नहीं, मारपीट का सहारा ले रहा है। हिंसक वारदातों को जायज नहीं ठहराया जा सकता। इस मामले में कोई भी राजनीतिक दल पीछे नहीं है। नेता को जीत चाहिए और दल को सत्ता। इसके लिए वह सब कुछ कर गुजरने को तैयार हैं।

ताजा उदाहरण पश्चिम बंगाल का है, जहां अगले महीने (8 जुलाई) त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होना है, इसके लिए नामांकन और नाम वापस लेने की प्रक्रिया भले ही पूरी यानी रु क गई हो, लेकिन हिंसा रु कने का नाम नहीं ले रही है। सूबे के विभिन्न जिलों से रोजाना हिंसक घटनाएं प्रकाश में आ रही हैं। सरकारी तौर पर सात लोग की मौत हुई है और दर्जनों जख्मी बताए जा रहे, इन घटनाओं पर किस प्रकार अंकुश लगे, इस पर विचार करने की बजाए सभी नेता और दल एक-दूसरे पर आरोप लगाने पर व्यस्त दिख रहे हैं। बंगाल में जिला परिषद, ग्राम पंचायत और पंचायत समितियों के लिए आठ जुलाई को मतदान और 11 जुलाई को मतगणना होगी, लेकिन इसे अचरज कहें या अराजकता कि 12 फीसद यानी नौ हजार से कुछ ज्यादा सीटों पर सभी दलों (तृणमूल, भाजपा, माकपा और कांग्रेस) समेत निर्दलीय ने जीत हासिल कर ली है।

इस गणित से यह साफ हो जाता है कि अगले महीने होने वाला त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव कितना निष्पक्ष और शांतिपूर्ण होने वाला है। नामांकन और नाम वापसी की समय-सीमा पूरी होते ही जैसे ही राज्य चुनाव आयोग ने यह बताया कि 9009 सीटों पर निर्दलीय समेत तमाम दलों ने जीत हासिल कर ली है। आम आदमी तो क्या कलकत्ता उच्च न्यायालय में अचंभित रह गया और इस बाबत हलफनामा दायर करने को कहा। विपक्ष शुरू से ही चुनाव में गड़बड़ी की आशंका जताता रहा है, इस बाबत उच्च न्यायालय ने भी विपक्ष की बातों को सही मानते हुए केंद्रीय बलों की तैनाती का आदेश दिया, जिसके खिलाफ राज्य चुनाव आयोग और राज्य सरकार ने सर्वोच्च न्यायालय का दरवाजा खटखाया, लेकिन सर्वोच्च न्यायालय ने भी उच्च न्यायालय के आदेश पर मुहर लगाई।

अब केंद्रीय बलों के जवान हिंसा पीड़ित इलाकों का दौरा कर लोगों को यह विश्वास दिलाने की कोशिश कर रहे हैं, आठ जुलाई को निर्भय होकर अपनी मर्जी से अपने पसंदीदा उम्मीदवार को वोट दें, इस बीच तृणमूल कांग्रेस प्रमुख और राज्य की मुख्यमंत्री डंके की चोट पर कह रही हैं कि चाहे जितने केंद्रीय बल आ जाए, जीत हर हाल में हमारी यानी तृणमूल कांग्रेस की ही होगी।

सवाल यह उठता है कि मतदान के पहले ममता इस तरह का दावा कैसे और किस आधार पर कर सकती हैं?

उनके दावे में इतना दम है तो फिर केंद्रीय बलों की तैनाती से डर क्यों रही हैं? सूबे में यह पहला मौका नहीं है, जब केंद्रीय बलों की तैनाती में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव होने जा रहे हैं, इससे पहले 2013 में भी पंचायत चुनाव के दौरान भी केंद्रीय बलों की तैनाती हुई थी और तृणमूल कांग्रेस जीती थी। शायद इस बार ममता अंदर से भयभीत हैं, क्योंकि नाना प्रकार के भ्रष्टाचार के आरोपों में घिरने, सीबीआई व ईडी के जाल में फंसी होने और कांग्रेस व वाममोर्चा की लोकप्रियता में हुई कुछ बढ़ोतरी के कारण तृणमूल खेमे की नींद उड़ी हुई है। इसके अलावा, मुख्य विपक्षी दल भाजपा से मिल रही कड़ी टक्कर मिल रही है।

आगामी 8 जुलाई को 73,887 सीटों के लिए होने वाले मतदान से पहले 9009 उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता के निर्विरोध जीत हासिल कर ली। राज्य चुनाव आयोग ने जिलावार ग्राम पंचायत, पंचायत समिति और जिला परिषद के सीटों पर निर्विरोध जीत की सूची जारी की। सूची के तहत ग्राम पंचायत के 63,229 सीटों में से 8,002 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की, जबकी पंचायत समिति के 9,730 सीटों में से 991 उम्मीदवार बिना प्रतिद्वंदिता के जीत गए। जिला परिषद की कुल 928 सीटों में से 16 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत दर्ज की। पंचायत समिति में सबसे अधिक दक्षिण चौबीस परगना की 6,383 सीटों में से 1,767 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। अलीपुरद्वार में सबसे कम 1,252 सीटों में से 8 सीटों पर उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। पंचायत समिति में भी सबसे अधिक संख्या में जीत दर्ज करने वाले उम्मीदवार भी दक्षिण चौबीस परगना जिले के हैं।

जहां 926 पंचायत समिति सीटों पर 233 उम्मीदवारों ने निर्विरोध जीत हासिल की। कालिम्पांग और पुरु लिया के 76 और 496 सीटों में एक-एक उम्मीदवारों ने जीत दर्ज की। जिला परिषद में बीरभूम और कूचबिहार की एक-एक सीट, उत्तर चौबीस परगना की 3 सीट, दक्षिण चौबीस परगना की 8 सीट और उत्तर दिनाजपुर की 3 सीट पर उम्मीदवारों ने बिना प्रतिद्वंदिता की जीत हासिल की है।

# विजय के साथ इंटीमेट सीन करेगी तमन्ना



## एक्ट्रेस ने बताई लस्ट स्टोरीज 2 की वो बात

फिल्म लस्ट स्टोरीज़ 2 में तमन्ना भाटिया विजय के साथ इंटीमेट सीन करती नजर आएंगी। तमन्ना आजकल विजय वर्मा के साथ अपने रिश्ते को लेकर चर्चे में हैं और दूसरा कारण है उनकी आने वाली फिल्म लस्ट स्टोरीज 2 ह्राल ही में तमन्ना ने इंडस्ट्री में खुद को साबित करने की बात कही थी। साथ ही एक्ट्रेस ने अपने करियर में लंबे समय तक इंटीमेट सीन न करने और आखिरकार इसके लिए तैयार होने की भी बात कही।

तमन्ना भाटिया ने इंटीमेट सीन्स से जुड़ी बातें की और बताया कि कैसे वह स्क्रीन पर कुछ भी न करने की मानसिकता से बाहर निकलने में कामयाब रहीं। उन्होंने यह भी खुलासा किया कि जब 2018 में लस्ट स्टोरीज़ सामने आई तो वह उसकी बहुत बड़ी फैन थीं। उन्होंने कहा कि एक एक्टर के लिए उस तरह की सुरक्षा महसूस करना बहुत जरूरी है। उसी पल से, विजय वर्मा ने उन्हें सेफ महसूस कराया कि वह कुछ भी कहने, कुछ करने या एक तरीका बताने से डरती नहीं थी। तमन्ना ने आगे कहा कि विजय ने इसे इतना आसान बना दिया और यह कुछ ऐसा है जो उन्हें उनके बारे में पसंद है।

उन्होंने कहा, मेरे जैसे एक्टर के लिए, क्योंकि मैंने बहुत तरह के सिनेमा किए हैं, मैं सबसे पहले लस्ट स्टोरीज़ 2 की फैन हूं। इसने मुझे वास्तव में एक फीमेल एक्टर के रूप में दिखाया, जैसी कहानियां लोग देखना चाहते हैं। इसे करने में शर्म धीरे-धीरे दूर हो रही है क्योंकि हम समय के साथ आगे बढ़ रहे हैं और हर कोई डेवलप हो रहा है। तो, मैं वह पहली दर्शक थी जिसने इसे पसंद किया। मुझे बहुत मज़ा आया। मुझे याद है कि मेरे जानने वाले सभी लोगों ने इसे देखा था और सभी को ये पसंद आई थी।



# आलिया और रणवीर कर रहे एक साथ काम

अपकमिंग फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' में आलिया और रणवीर साथ काम कर रहे हैं। इसमें धर्मेंद्र, प्रीति जिंटा, शबाना आजमी, जया बच्चन जैसे पॉपुलर स्टार भी शामिल हैं। फैंस फिल्म के लिए काफी एक्साइटेड हैं। ऐसे में धर्मेंद्र ने आलिया भट्ट के साथ एक बेहद प्यारी फोटो इंस्टाग्राम पर शेयर की है। फोटो में देखा जा सकता है कि आलिया ने धर्मेंद्र के कंधे पर हाथ रखा है, दोनों सर जोड़ कर कोई फोटो देख रहें हैं। एक्टर ने फोटो शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा 'दोस्तों, लविंग आलिया मुझे मेरे रोमांटिक अतीत की झलक दिखा रहीं है!रॉकी और रानी की प्रेम कहानी।' यह फोटो शायद फिल्म के किसी सीन से ली गई है। फैंस इस क्यूट फोटो पर खूब प्यार बरसा रहें हैं। बता दें कि करण जौहर की अपकमिंग फिल्म 'रॉकी और रानी की प्रेम कहानी' है, जिसका दर्शकों को बेसब्री से इंतजार है।

# एक्टिंग के शुरुआती दौर में क्या-क्या झेलना पड़ा शोभिता को



अदाकारा शोभिता धुलिपाला ने साल 2016 में आई थ्रिलर फिल्म रमन राघव 2.0 से बी टाउन में तहलका मचा दिया था। अपने हुस्न के कारण एक्ट्रेस आज भी चर्चा का केंद्र बनी रहती हैं। मगर एक बार उनको मुंह पर ही रिजेक्शन का चांटा मारा दिया गया था।

इस बात का खुलासा उन्होंने एक इंटरव्यू में किया है। इंटरव्यू में शोभिता धुलिपाला ने बताया कि एक्टिंग के शुरुआती दौर में उनको क्या-क्या झेलना पड़ा। उन्होंने खुलासा किया कि जब वो एक विज्ञापन के ऑडिशन के लिए गई थीं। तब कैसे लोगों ने उनके स्किन टोन पर कमेंट किया था। उन्हें ये बात अच्छी नहीं लगी थी लेकिन उन्होंने काम करना बंद नहीं किया।

एक्ट्रेस ने बताया, जब आप कोई चीज शुरू करते हो तो सबकुछ एक जंग होती है। मैं फिल्मों से नहीं थी। मुझे याद है कि कि जब मैं एक एड का ऑडिशन देने गई थी तो मुझे कई बार बोला गया कि आप गोरी नहीं हैं। ऐसी चीजें थीं जो आप एड लेवल पर देखते हैं, जहां मुझे मेरे चेहरे पर बोला गया था कि मैं उतनी सुंदर नहीं हूं। ऐसा नहीं है कि मैं निराश थी।शोभिता ने आगे बताया कि उन्हें लोगों ने घटिया कमेंट भी किया, जिससे उन्हें इन्सल्टेड फील हुआ। उन्होंने बताया कि उन्हें बाद में एहसास हुआ कि लोगों का सुंदरता के प्रति नजरिया बहुत छोटा और एकतरफा है।

हालांकि इन सब बातों से उन पर कोई असर नहीं हुआ। वह इंडस्ट्री में काम करती रहीं और आगे बढ़ती रहीं। उन्होंने अपनी एक्टिंग स्किल्स पर ध्यान दिया। न कि सुंदरता पर। और आज सब उन्हें उनकी उसी स्किल्स के लिए जानते-पहचानते हैं। बता दें कि 30 जून को ओटीटी पर रिलीज होने वाली द नाइट मैनेजर सीजन 2 में शोभिता धूलिपाला एक बार फिर चार चांद लगाने के लिए बेताब हैं। वो अपने शानदार अभिनय के लिए तो जानी जाती ही हैं। उससे पहले उन्होंने 2013 में मिस इंडिया अर्थ का खिताब भी अपने नाम किया हुआ है।

# मैं बॉलीवुड में बिलॉन्ग करता हूं: अनिल कपूर

बॉलीवुड में 40 साल पूरे करने पर अभिनेता अनिल कपूर ने इंस्टाग्राम पर फिल्म के एक दृश्य का वीडियो पोस्ट किया और कैप्शन दिया, आज एक एक्टर और इंटरटेनर के रूप में मेरे 40 साल पूरे हो गए। दर्शकों, आपकी स्वीकृति, प्यार और आशीर्वाद के 40 साल पूरे हो गए। उन्होंने लिखा, वे कहते हैं कि जब आप कुछ ऐसा कर रहे होते हैं जो आपको पसंद है, तो समय यूं ही निकल जाता है.. कोई आश्चर्य नहीं कि चार दशक पलक झपकने जैसा लगता है। मैं यहां बिलॉन्ग करता हूं, मुझे यही करना है और मुझे यही बनना चाहिए। उन्हें बड़ा बनाने में सहायता करने वालों को धन्यवाद देते हुए उन्होंने लिखा- इतने सारे लोगों ने मुझे जीवन में इस मुकाम तक पहुंचने में मदद की है, लेकिन मैं विशेष रूप से दिवंगत बापू साहब, मेरे भाई बोनी कपूर और मेरे पिता



सुरिंदर कपूर को धन्यवाद देना चाहूंगा जिन्होंने मुझ पर विश्वास किया और वो7दिन में मुझे पहला मौका दिया.. मैं एक नवागंतुक का स्वागत करने में उनकी कृपा के लिए नसीरुद्दीन और पद्मिनी कोल्हापुरी का भी सदैव आभारी हूं। उन्होंने कहा, उनके स्टारडम ने मुझे उम्मीद से कहीं अधिक चमकाया। आज मैं जो कुछ भी हूं उसका श्रेय इन दिग्गजों और आप सभी से मिले प्यार और स्वीकृति को जाता है।

# आई लव यू का प्रमोशन करेगी रकुलप्रित


बिग बॉस ओटीटी-2 के वीकेंड का वार एपिसोड में एक्ट्रेस रकुल प्रीत सिंह अपनी अपकमिंग फिल्म आई लव यू का प्रमोशन करने आएंगी। क्या रकुल प्रीत गेस्ट अपीयरेंस के तौर पर आएंगी, या वीकेंड का वार एपिसोड के दौरान कंटेस्टेंट्स के साथ बातचीत करने के लिए एक स्पेशल गेस्ट के रूप में शामिल होंगी, फिलहाल, यह खुलासा नहीं हो पाया है। उन्होंने कहा, मैं बिग बॉस ओटीटी पर पहले वीकेंड का वार का हिस्सा बनने के लिए वास्तव में उत्साहित हूं। मैं शो की बहुत बड़ी फैन हूं और हमेशा वीकेंड एपिसोड देखने की कोशिश करती हूं! एक्ट्रेस ने कहा, मैं सभी कंटेस्टेंट्स से मिलने और सलमान सर के साथ समय बिताने का बेसब्री से इंतजार कर रही हूं। सलमान सर को एक्शन में देखना बहुत मजेदार होने वाला है, और मैं स्पेशल ट्विस्ट के साथ वीकेंड के वार में आऊंगीबिग बॉस ओटीटी 2 और आई लव यू जियोसिनेमा पर स्ट्रीमिंग हो रही है।



# प्रेग्नेंसी के दौरान शरीर में आए बदलाव मुझे पसंद: इलियाना

एक्ट्रेस इलियाना डिक्रूज ने कहा कि उन्हें कभी-कभी अच्छा महसूस नहीं होता है, लेकिन उनका सपोर्ट सिस्टम, जो लोग उनसे प्यार करते हैं, वे उन्हें याद दिलाते रहते हैं कि मैं अपने अंदर एक छोटे इंसान को बना रही हूं। मुझे लगता है कि ऐसा इसलिए है क्योंकि जब आप प्रेग्नेंट होते हैं तो बहुत से लोग आपके वजन को लेकर कमेंट करते हैं। एक्ट्रेस ने प्रेग्नेंसी के दौरान अपने वजन बढ़ने के बारे में बात की। इलियाना इंस्टाग्राम पर आस्क मी एनीथिंग सेशन में अपन फैंस के सवालों का जवाब दे रही थी। इलियाना ने कहा कि जब आप डॉक्टर के पास चेकअप के लिए जाते हैं तो उनसे भी कोई मदद नहीं मिलती है। उन्हें हर बार आपका वजन लेना पड़ता है इसलिए यह हर बार आपके दिमाग में रहता है। उन्होंने आगे कहा, मैं बस यह कहना चाहती हूं कि पिछले कुछ महीनों में मेरे शरीर में जो बदलाव आया है वह मुझे पसंद है। यह एक बहुत अद्भुत जर्नी है। और हां, मैं इंसान हूं और ऐसे भी दिन आते हैं जब आपको अच्छा महसूस नहीं होता, लेकिन मेरे पास कमाल का सपोर्ट सिस्टम और लोग हैं जो मुझे प्यार करते हैं और मुझे याद दिलाते हैं कि मैं अपने अंदर एक छोटे इंसान को बना रही हूं।






# फिल्म इमरजेंसी का टीजर जारी

फिल्म इमरजेंसी का टीजर जारी किया गया है। यह फिल्म इसी साल 24 नवंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। इमरजेंसी का निर्देशन और निर्माण कंगना रनौत ने किया है, स्क्रीनप्ले रितेश शाह की है और कहानी कंगना की है। इसमें कंगना भारत की पूर्व प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी की भूमिका में हैं। फिल्म में दिवंगत सतीश कौशिक, अनुपम खेर, श्रेयस तलपड़े, महिमा चौधरी और मिलिंद सोमन भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। एक्ट्रेस-फिल्ममेकर कंगना रनौत की इस फिल्म के बारे में बात करते हुए, कंगना ने कहा, इमरजेंसी हमारे इतिहास के सबसे महत्वपूर्ण और काले अध्यायों में से एक है जिसे युवा भारत को जानना आवश्यक है। यह एक महत्वपूर्ण कहानी है और मैं अपने सुपर-टैलेंटेड एक्टर्स जैसे स्वर्गीय सतीश जी, अनुपम जी, श्रेयस, महिमा और मिलिंद को इस क्रिएटिव जर्नी को एक साथ शुरू करने के लिए धन्यवाद देना चाहती हूं। मैं भारत के इतिहास के इस असाधारण प्रसंग को बड़े पर्दे पर लाने के लिए उत्साहित हूं।

## बवंडर के कारण तीन लोगों की मौत, बिजली आपूर्ति ठप

इंडियाना । अमेरिका के इंडियाना में एक मकान के बवंडर की चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हुई और उसकी पत्नी घायल हो गई, जबकि अरकंसास में एक मकान पर पेड़ गिरने से दो लोगों की मौत हो गई। मध्य अमेरिका के कई प्रांतों में खराब मौसम का कहर जारी है। बवंडर शोल्स पहुंचा और दक्षिणी इंडियाना के मार्टिन काउंटी के ग्रामीण इलाके से होकर गुजरा। मार्टिन काउंटी के आपातकालीन सेवा विभाग के प्रबंध निदेशक कैमरून वुल्फ ने बताया कि इंडियाना में घायल महिला को हवाई मार्ग के द्वारा अस्पताल ले जाया गया। वुल्फ ने कहा, ''दंपति का मकान पूरी तरह से तबाह हो गया है, जबकि उससे कुछ फुट की दूरी पर उनकी एक दुकान थी, जो बिल्कुल सुरक्षित है। उसे थोड़ा-सा भी नुकसान नहीं पहुंचा है। अधिकारियों ने बताया कि एक और बवंडर ने उपनगर इंडियानापोलिस के ग्रीनवुड तथा बार्जर्सविले क्षेत्र को प्रभावित किया। बार्जर्सविले के दमकल विभाग के प्रमुख एरिक फनखौसर ने बताया कि कम से कम 75 मकानों को मध्यम से गंभीर स्तर की क्षति पहुंची है। हालांकि, उन्होंने कहा कि कर्मचारियों को किसी के हताहत होने की कोई सूचना नहीं मिली है। अरकंसास में शेरिफ के अधिकारियों ने बताया कि कार्लिस्ले में रविवार रात एक मकान पर पेड़ गिर गया, जिससे दो लोगों की मौत हो गई और एक अन्य व्यक्ति घायल हो गया। गवर्नर सारा हकाबी सैंडर्स ने राज्य में कई बिजली लाइनों के खराब होने का हवाला देकर आपातकाल की स्थिति घोषित कर दी है।

## प्रेस की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध है अमेरिकी सरकार : व्हाइट हाउस

### –पीएम मोदी से सवाल करने वाली अमेरिकी पत्रकार को ट्रोल करने पर आई प्रतिक्रिया

वाशिंगटन। प्रेस कांफ्रेंस में पीएम मोदी से सवाल करने वाली रिपोर्टर सबरीना सिद्दीकी को इस समय ऑनलाइन काफी ट्रोल किया जा रहा है। सबरीना ने पिछले हफ्ते जो बाइडन के साथ संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से भारत में अल्पसंख्यकों के अधिकारों के बारे में सवाल किया था। इसके अलावा, सिद्दीकी ने पीएम मोदी से उनकी सरकार द्वारा उन्हें सुधारने और अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता को बनाए रखने के लिए क्या कदम उठाए जाने को लेकर भी सवाल पूछा था। अब अमेरिकी पत्रकार को ऑनलाइन ट्रोल करने को लेकर व्हाइट हाउस ने निंदा की है और इसे पूरी तरह से अस्वीकार्य बताया है। गौरतलब है कि संयुक्त प्रेस कॉन्फ्रेंस के एक दिन बाद, रिपोर्टर सिद्दीकी पर कुछ लोगों ने आरोप लगाया और उसे पाकिस्तानी इस्लामवादी तक कहा था। इस पर राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद के समन्वयक जॉन किर्बी ने इसकी निंदा की और एक बयान जारी कर कहा, हम अपने पत्रकार के साथ हुए उत्पीड़न की रिपोर्टों से अवगत हैं। यह अस्वीकार्य है और हम किसी भी परिस्थिति में कहीं भी पत्रकारों के उत्पीड़न की निंदा करते हैं। यह पूरी तरह से अस्वीकार्य है। यह लोकतंत्र के सिद्धांतों के विपरीत है जो पिछले सप्ताह प्रदर्शित हुए थे। इधर व्हाइट हाउस की प्रेस सचिव कैरिन जीन-पियरे ने कहा, हम प्रेस की स्वतंत्रता के लिए प्रतिबद्ध हैं, यही कारण है कि हमने पिछले सप्ताह प्रेस कॉन्फ्रेंस की थी। उन्होंने कहा, हम निश्चित रूप से किसी पत्रकार को डराने-धमकाने या परेशान करने के किसी भी प्रयास की निंदा करते हैं जो सिर्फ अपना काम करने की कोशिश कर रहे है।

## अमेरिका में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ संपन्न

न्यूजर्सी । अमेरिका के न्यूजर्सी शहर में 251 कुण्डीय गायत्री महायज्ञ का संपन्न हुआ। युवा आइकान डॉ. चिन्मय पण्ड्या के नेतृत्व पहुंची शांतिकुंज की उच्च प्रशिक्षित टीम ने महायज्ञ का संचालन किया। इस अवसर पर देवसंस्कृति विश्वविद्यालय के प्रतिकुलपति व युवा आइकान आदरणीय डॉ. चिन्मय पण्ड्या जी ने परिजनों को सम्बोधन के क्रम में यज्ञ के वैज्ञानिक एवं आध्यात्मिक पक्ष की व्याख्या की, एवं युवाओं का मार्गदर्शन करते उन्होंने कहा कि युवावस्था यानि भविष्य संवारने का समय। इस समय का सही उपयोग कर लिया, तो भविष्य उज्ज्वल होगा। युवा आइकान आदरणीय डॉ. चिन्मय ने कहा कि भारतीय संस्कृति का मूल आधार है अध्यात्म जीवन जीने कला का नाम है। आप अध्यात्म का जितना विस्तार करेंगे, आत्मसात करेंगे, जीवन में उतारेंगे, उतना ही जीवन सुखमय होगा। इस अवसर में अमेरिका, कनाडा व अन्य देशों से आए हजारों भाई बहन उपस्थित रहे।

## बाल यौन शोषण वेबसाइट चलाने वाले भारतीय मनोचिकित्क को 6 साल की जेल

लंदन । एक भारतीय मनो ?चिकित्सक को बाल यौन शोषण वेबसाइट चलाने के आरोप में 6 साल की जेल हो गई। जानकारी के अनुसार दक्षिण पूर्व लंदन में लेविशम में रहने वाले 33 वर्षीय डॉ. कबीर गर्ग को वूलविच क्राउन अदालत ने बच्चों के शोषण को बढ़ावा देने एक वेबसाइट चला रहे थेद्य। इस मामले में 23 जून को उन्हें 6 साल जेल की सजा सुनाई है। कोर्ट में हुई सुनवाई में पाया गया कि उसने यौन शोषण से जुड़ी तस्वीर साझा करने वाली एक डार्क वेबसाइट के लिए मॉडरेटर का काम किया था। नेशनल क्राइम एजेंसी के एडम प्रीस्टली ने अपने बयान में बताया कि, कबीर गर्ग बाल यौन शोषण को बढ़ावा देने में बड़े स्तर पर शामिल था। उसने बच्चों के खिलाफ भयानक अपराध और चर्चा करने वाले बालप्रेमी समुदाय तक पहुंच के लिए डार्क वेब का इस्तेमाल किया था। कबीर गर्ग यूके जाने से पहले लखनऊ के किंग जॉर्ज मेडिकल कॉलेज से एमबीबीएस करने के बाद बेंगलुरु में नेशनल इन्स्टिट्यूट ऑफ मेंटल हेल्थ एंड न्यूरोसाइंस में कार्य करता था। उसे पिछले साल नवंबर में गिरफ्तार किया गया। जनवरी में उसे आठ आरोपों में दोषी पाया गया जिसमें बाल यौन शोषण और अश्लील तस्वीरें बनाना और वितरित करना शामिल था। डॉ. कबीर गर्ग, वेबसाइट के मॉडरेटर में से एक था, इसके दुनिया भर में करीब 90,000 सदस्य हैं। वह इस वेबसाइट का एडमिनिस्ट्रेटर था। इस वेबसाइट से रोजाना साझा की जाने वाली बाल शोषण सामग्री के सैकड़ों लिंक मिले। प्रीस्टले बताते हैं ?कि डार्क वेब पर इस तरह की साइट के सैकड़ों-हजारों सदस्य होते हैं, लेकिन उनमें से कुछ ही स्टाफ सदस्य के रूप काम करने के लिए प्रतिबद्ध होते हैं, जो बगैर भुगतान लिए बहुत सारा वक्त इसके लिए देते हैं। यूके की नेशनल क्राइम एजेंसी ने अपने बयान में कहा कि, अधिकारियों ने गर्ग को लेविशम में उसके फ्लैट से नवंबर 2022 में गिरफ्तार किया था। उस दौरान कबीर गर्ग ने अपने मॉडरेटर अकाउंट से लॉगइन किया था और उनके लैपटॉप पर साइट खुली हुई थी। अधिकारियों ने 7000 से अधिक अश्लील चित्र, वीडियो और कई मेडिकल जर्नल बरामद किए जो उन्होंने मनोचिकित्सक के रूप में हासिल किए थे।

## भारतीय समुदाय की बड़ी जीत, न्यूयॉर्क में दिवाली पर स्कूलों में रहेगी छुट्टी

न्यूयॉर्क । रोशनी के त्योहार दिवाली पर न्यूयॉर्क शहर के स्कूलों में छुट्टी रहेगी। इसे भारतीय समुदाय सहित शहर के निवासियों के लिए एक बड़ी जीत बताया जा रहा है। इस बारे में न्यूयॉर्क शहर के मेयर एरिक एडम्स ने कहा कि उन्हें गर्व है कि राज्य के सदन और राज्य के सीनेट ने न्यूयॉर्क सिटी पब्लिक स्कूल में दिवाली पर छुट्टी रखने संबंधी विधेयक को पारित कर दिया है। उन्होंने सिटी हॉल से की गई एक विशेष घोषणा में कहा कि हमें विश्वास है कि गवर्नर इस विधेयक पर हस्ताक्षर कर इसे कानून का रूप देंगे। एडम्स ने कहा कि यह एक जीत केवल भारतीय समुदाय के महिला व पुरुषों और दिवाली मनाने वाले सभी समुदायों की नहीं, बल्कि यह न्यूयॉर्क की जीत है। अब इस वर्ष से न्यूयॉर्क शहर के पब्लिक स्कूलों में दिवाली की छुट्टी रहेगी। न्यूयॉर्क की प्रतिनिधि सभा की सदस्य जेनिफर राजकुमार ने कहा कि दो दशकों से अधिक समय से, दक्षिण एशियाई और भारतीय-कैरिबियाई समुदाय ने इस पल के लिए संघर्ष किया है। गौरतलब है कि जेनिफर न्यूयॉर्क राज्य की प्रतिनिधि सभा के लिए चुनी गई पहली भारतीय-अमेरिकी महिला हैं। उन्होंने कहा ?कि आज मेयर और मुझे पूरी दुनिया के सामने खड़े होकर यह कहते हुए गर्व हो रहा है कि अब से दिवाली पर न्यूयॉर्क शहर के स्कूलों में हमेशा छुट्टी रहेगी। जेनिफर ने कहा कि दिवाली की छुट्टी को कानून में शामिल किया जाना चाहिए। न्यूयॉर्क सिटी स्कूल के चांसलर डेविड बैंक्स ने कहा कि शहर में स्कूली बच्चों के लिए दिवाली की छुट्टी की घोषणा करना, दिवाली पर स्कूल बंद रखने से ज्यादा इस बात पर जोर देता है कि हम अपनी सोच का दायरा बढ़ा रहे हैं, क्योंकि हम उन्हें दिवाली तथा उसके इतिहास के बारे में बताने जा रहे हैं।



होंडूरास में मिलिटरी पुलिस ने देश भर के कारावासों का नियंत्रण अपने हाथों में लेने के साथ ही वहां बंद विभिन्न गैंग के अपराधियों पर नजर रखनी शुरु कर दी।

## बाइडेन और पीएम मोदी का साझा बयान, पाकिस्तान ने अमेरिकी दूतावास के अधिकारी को बुलाया

इस्लामाबाद । पाकिस्तानी विदेश मंत्रालय ने अमेरिकी राष?ट्रपति जो बाइडन और भारतीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के पिछले सप्ताह के एक बयान पर चिंता जाहिर की है। पाकिस्तान ने अपनी चिंता जाहिर करने के लिए अमेरिकी दूतावास के मिशन के डिप्टी को समन किया है। दोनों नेताओं ने पाकिस्तान से यह सुनिश्चित करने के लिए कहा था कि उसकी सीमा का प्रयोग आतंकी हमलों के लिए नहीं किया जाना चाहिए। पाकिस्तान ने इस बयान की आलोचना की थी। उसका कहना था कि यह राजनयिक मानदंडों के विपरीत है। पाकिस्तान के विदेश मंत्रालय का कहना है कि यह साझा बयान में एकतरफा और भ्रामक बातें कही गई हैं। मंत्रालय ने कहा, पाकिस्तान ने इस बात पर जोर दिया है कि अमेरिका को इसतरह के बयान जारी करने से बचना चाहिए जिन्हें भारत की तरफ से आधारहीन और राजनीति से प्रेरित कहानी को प्रोत्साहन के तौर पर माना जा सकता है। बयान में इस बात पर भी जोर दिया गया है कि पाकिस्तान और अमेरिका के बीच आतंकवाद विरोधी सहयोग काफी अच्छे से आगे बढ़ा रहा है। पाकिस्तान के विदेश विभाग की तरफ से जो समन जारी किया गया, अमेरिकी विदेश विभाग के प्रवक्ता मैट मिलर ने उसका करार जवाब दिया। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवादी समूहों का मुकाबला करने के लिए महत्वपूर्ण कदम उठाए हैं, लेकिन ये काफी नहीं हैं। उनका कहना था कि अमेरिका ने इस दिशा में और ज्यादा कदम उठाने की अपील की है। उनके शब्दों में, हम पाकिस्तान की तरफ से लश्कर-ए-तैयबा और जैश-ए-मोहम्मद और विभिन्न प्रमुख संगठनों सहित सभी आतंकवादी समूहों को स्थायी रूप से नष्ट करने के लिए कदम उठाने के महत्व पर भी लगातार कायम रहे हैं। मगर हम इस मुद्दे को पाकिस्तानी अधिकारियों के साथ नियमित रूप से उठाते रहने वाले हैं।

## इंडिया कॉकस के सदस्यों ने भारत में हथियारों की बिक्री में तेजी लाने के लिए पेश किया विधेयक

**वाशिंगटन।(एजेंसी)।** इंडिया कॉकस के सदस्यों ने एक द्विदलीय विधेयक पेश किया है, जिसका मकसद भारत को अपनी रक्षा के लिए आवश्यक हथियारों तक पहुंच प्रदान करना और हिंद-प्रशांत क्षेत्र में अमेरिका के साथ उसके सुरक्षा लक्ष्यों को बढ़ावा देना है। भारतीय-अमेरिकी डेमोक्रेटिक सांसद राजा कृष्णमूर्ति, रो खन्ना और मार्क वेसी के साथ रिपब्लिकन सांसद एंडी बर्र तथा माइक वाल्ट्ज ने यह विधेयक पेश किया, जो अमेरिका से भारत में हथियारों की बिक्री की प्रकिया में तेजी लाने और अमेरिका-भारत रक्षा संबंधों को गहरा करने का अवसर देगा। कृष्णमूर्ति के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के अनुसार, अमेरिकी सीनेट में डेमोक्रेटिक सांसद मार्क वार्नर और रिपब्लिकन सांसद जॉन कॉर्निन द्वारा ऐसा ही एक ओर विधेयक पेश किया गया।



वहीं, बर्र के कार्यालय की ओर से जारी एक बयान के मताबिक, यह विधेयक ''शस्त्र निर्यात नियंत्रण अधिनियम के तहत विदेशी सैन्य बिक्री (एफएमएस) और निर्यात के लिए समीक्षा एवं बिक्री प्रक्रिया को सुव्यवस्थित व तेज करके भारत को अन्य अमेरिकी भागीदारों तथा सहयोगियों के साथ समान स्तर पर ले आएगा।'' यह भारतीय एफएमएस की अन्य प्रमुख अमेरिकी साझेदारों और सहयोगियों की तरह जवाबदेही तय करेगा, जो यह सुनिश्चित करेगा कि भारत ने अपनी रक्षा के लिए आवश्यक उच्च-स्तरीय क्षमताओं तक पहुंच को सुव्यवस्थित कर लिया है। बर्र ने कहा कि दुनिया के सबसे बड़े लोकतांत्रिक देशों के रूप में ''हमारी वैश्विक साझेदारी को मजबूत करना मौजूदा चुनौतियों से निपटने और सभी के लिए सुरक्षित भविष्य सुरक्षित करने के लिहाज से बेहद अहम है।

## पुतिन का आरोप, पश्चिमी देश चाहते हैं कि रूसी एक-दूसरे को मार दें

### – पुतिन ने कहा कि उन्होंने रक्तपात से बचने आदेश जारी किए और वैगनर सेनानियों को माफ किया



**मास्को (एजेंसी)।** रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन और उसके पश्चिमी सहयोगियों पर आरोप लगाते हुए कहा कि वे चाहते हैं कि वैगनर समूह के भाड़े के सैनिकों के विद्रोह के दौरान रूसी नागरिक एक-दूसरे को मार दें। रूस की निजी निजी सेना कहे जाने वाले वैग्नर ग्रुप के प्रमुख येवेनी प्रीगोझिन द्वारा सशस्त्र विद्रोह की घोषणा और मॉस्को की तरफ बढ़ते उनके कदमों ने बीते शनिवार-रविवार को देश में हलचल पैदा कर दी थी। हालांकि, अब ये खतरा टल गया है। विद्रोहियों के पीछे हटने के बाद राष्ट्र के नाम अपने पहले संबोधन में पुतिन ने कहा कि उन्होंने रक्तपात से बचने के लिए आदेश जारी किए हैं और वैगनर सेनानियों को माफ कर दिया है, जिनके विद्रोह ने उनके दो दशक के शासन के लिए अब तक की सबसे बड़ी चुनौती पेश करने की कोशिश की थी। पुतिन ने टेलीविज़न संबोधन में रूसियों को उनकी देशभक्ति के लिए धन्यवाद देते हुए कहा कि घटनाओं की शुरुआत से ही मेरे आदेश पर बड़े पैमाने पर रक्तपात से बचने के लिए कदम उठाए गए थे। पुतिन ने कहा कि यह वास्तव में रूस के दुश्मनों का भाईचारा था जो चाहते थे कि रूसी सैनिक एक-दूसरे को मार डालें।

पुतिन ने एक बैठक में सशस्त्र विद्रोह के दौरान अपने सुरक्षा अधिकारियों को उनके काम के लिए धन्यवाद दिया, जिसमें रक्षा मंत्री सर्गेई शोइगु भी शामिल थे, जो विद्रोह का मेन टारगेट थे। नागरिकों की एकजुटता ने दिखाया कि कोई भी ब्लैकमेल, आंतरिक उथल-पुथल आयोजित करने का कोई भी प्रयास नाकाम हो जाएगा। पुतिन ने कहा कि वैगनर लड़ाकों से कहा गया है कि वे रूसी सेना में शामिल होने, बेलारूस जाने या अपने घरों को लौटने का विकल्प चुन सकते हैं।

## 2023 के चुनाव में नवाज शरीफ को ही बनाया जाएगा पीएम का चेहरा? सांसदों की अयोग्यता से जुड़ा विधेयक पास


इस्लामाबाद। पाकिस्तान की राजनीति में पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ की वापसी का रास्ता धीरे-धीरे साफ हो रहा है। राज्य के एक प्रवक्ता ने कहा पाकिस्तान की नेशनल असेंबली ने यह कानून पारित किया है कि सांसदों को कितने समय तक पद से अयोग्य ठहराया जा सकता है। इससे निर्वासित पूर्व प्रधानमंत्री नवाज शरीफ राजनीति में वापसी कर सकते हैं। 2017 में भ्रष्टाचार के आरोपों के कारण अपदस्थ होने के बाद नवाज शरीफ ने तीन बार पाकिस्तान के प्रधान मंत्री के रूप में कार्य किया। देश की शीर्ष अदालत ने तब उन्हें जीवन भर के लिए राजनीति से प्रतिबंधित कर दिया था। बाद में उन्हें सात साल जेल की सजा सुनाई गई।

## पुतिन और प्रिगोझिन के बीच समझौता करके हीरो बने बेलारूस के तानाशाह लुकाशेंको

**मास्को (एजेंसी)।** रूस में पिछले दिनों हुई तख्तापलट की नाकाम कोशिश के बाद रुसी राष?ट्रपति व्लादिमीर पुतिन भी सवालों के घेरे में आ गए हैं। पुतिन के लीडरशिप पर न केवल रूस में कई तरह के सवाल उठ रहे हैं, बल्कि दुनिया में भी उनकी जमकर किरकिरी हो रही है। वहीं पुतिन के खिलाफ विद्रोह करने वाले वैगनर चीफ को भी रूस छोड़कर जाना पड़ा है। इस पूरे घटनाक्रम में जिसकी सबसे ज्यादा चर्चा हो रही है, वह हैं बेलारूस के तानाशाह अलेक्जेंडर लुकाशेंको जो साल 1994 से ही सत्ता में हैं। लुकाशेंको ने ही मास्को की ओर बढ़ रहे वैगनर प्रमुख की 25000 सेना को रोका था। लुकाशेंको ने ही वैगनर और पुतिन सरकार के बीच मध्यस्थता कराई थी। वहीं विश्लेषक अब बेलारूस के राष्ट्रपति को इस पूरे तनाव का असली विजेता बता रहे हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति ने रूसी तख्तापलट की कोशिश के बाद अपनी सेना को पूरी तरह से अलर्ट रहने के लिए कहा है। लुकाशेंको का बयान वैगनर ग्रुप की सेना के रूस में असफल तख्तापलट की कोशिश के बाद आया है।दरअसल, पुतिन अपने दो दशक पुराने कार्यकाल में सबसे बड़े खतरे से हाल ही में उबरे हैं। उन्हें बचाने वाले लुकाशेंको हैं। बेलारूस के राष्ट्रपति ने कहा है कि पश्चिमी देश रूस के हालात का फायदा उठा सकते हैं। यह लुकाशेंको ही है जिन्होंने समय से हस्तक्षेप करके वैगनर चीफ को समझौता करने के लिए मना लिया नहीं, तब रूस गृहयुद्ध की ओर बढ़ता दिख रहा था। यही नहीं रूसी राष्ट्रपति की धमकी के बाद वैगनर चीफ प्रिगोझिन बनाम पुतिन की यह लड़ाई हो गई थी। इस डील के बाद अब रूस वैगनर के लड़ाकुओं के खिलाफ कोई कानूनी कार्रवाई नहीं करेगा जिन्होंने तख्तापलट में हिस्सा लिया था। इस डील के बाद अब प्रिगोझिन बेलारूस पहुंच गए हैं। इस डील के बाद प्रिगोझिन ने ऑडियो जारी किया है, जिसमें उन्होंने कहा है कि यह तख्तापलट रूस के नेतृत्व को उखाड़ फेंकने के लिए नहीं था। इस विद्रोह का उद्देश्य रूस के रक्षा मंत्रालय के उस फैसले का विरोध करना था जिसमें 1 जुलाई से वैगनर को बंद करने का फैसला लिया गया था।

## अब खुलेगा दूसरे विश्वयुद्ध का बड़ा रहस्य, समुद्र में मिला एक और सीक्रेट मलबा

**लंदन (एजेंसी)।** समुद्र में एक और मलबा मिलने से दूसरे विश्वयुद्ध की यादें ताजा हो गई। बताया जा रहा है कि टाइटैनिक जहाज और टाइटन सबमरीन मलबे को लेकर दुनियाभर में चल रही हलचल के बीच समुद्र में एक और मलबे की खोज का दावा किया गया है। इसे ग्रीस के तट के पास ब्रिटेन की सबमरीन एचएमएस ट्राइअम्फ का मलबा मिलने का दावा किया गया है। गोताखोरों को पूरा भरोसा है कि उन्होंने ग्रीस के एजियन सागर में दूसरे विश्वयुद्ध में तबाह हो गई ब्रिटिश पनडुब्बी के मलबे का पता लगाया है। यह सबमरीन पानी में एक बारुदी सुरंग से टकराई गई थी और विस्फोट के बाद डूब गई थी। इस पर सवार सभी 64 ब्रिटिश नौसैनिक मारे गए थे जिनके शव तक नहीं मिले थे। समुद्र में यह मलबा 670 फुट की गहराई में है। डेली मेल की रिपोर्ट के मुताबिक 275 फुट लंबी यह सबमरीन ग्रीस के तट पर थी और साल 1942 में रहस्यमय परिस्थितियों में डूब गई थी। इस सबमरीन के मलबे की फुटेज बहुत हैरान करने वाली है।



हालांकि अभी तक इस बात की पुष्टि नहीं हो पाई है कि यह मलबा इसी सबमरीन का है। इस सबमरीन की पेंदी और उसके मलबे के स्थान से गोताखोरों ने यह निष्कर्ष निकाला है कि यह ब्रिटिश पनडुब्बी ही है। हालांकि अभी इस मलबे की जांच जारी है। ग्रीस के चर्चित गोताखोर कोस्तास थोकटारइडिस को सबसे पहले साल 1998 में इस ब्रिटिश सबमरीन की कहानी पता चली थी। इसके बाद उन्होंने अपने पैसे से इसकी खोज का मिशन शुरू किया था। उन्होंने कहा कि यह उनके जीवन का सबसे कठिन मिशन था। अपने सहयोगियों के साथ उन्होंने रिमोट से चलने वाले जहाज और सोनार की मदद से इस सबमरीन की खोज की है। इस सोनार के जरिए पानी के अंदर जांच की जाती है और उसमें मौजूद ऑब्जेक्ट की पहचान की जाती है।

बता दें कि रिमोट से चलने वाले जहाज ने सबमरीन के बहुत हैरान करने वाले वीडियो बनाए हैं। सबमरीन का ज्यादातर हिस्सा जहाज ने अपने कैमरे में कैद किया है। इस घटना के 80 साल बीत जाने के बाद भी अभी इसका मलबा पूरी तरह से सुरक्षित है। ग्रीस के समुद्री इलाके में अब तक चार सबमरीन बरामद हो चुकी हैं। ब्रिटिश नौसेना इस स्थल को बहुत सम्मान की दृष्टि देख रही है जहां 64 सैनिक दफन हैं।

## क्या पाकिस्तान में इमरान और उनकी पार्टी पीटीआई का खेल हुआ खत्म

**इस्लामाबाद (एजेंसी)।** पाकिस्तान में इनदिनों जो कुछ हो रहा हैं उसके बाद अब तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) और इसके मुखिया इमरान खान के भविष्य पर भी सवाल उठने लगे हैं। डीजी आईएसपीआर ने नौ आर्मी ऑफिसर्स पर कार्रवाई का ऐलान किया। जहां एक लेफ्टिनेंट जनरल और तीन ऑफिसर्स को सस्पेंड किया गया। वहीं आठ सीनियर ऑफिसर्स के खिलाफ कार्रवाई का ऐलान हुआ। इसके बाद विशेषज्ञ सवाल करने लगे हैं कि पूर्व पीएम क्या इमरान खान और पीटीआई के लिए अब खेल खत्म हो गया है? दिलचस्प बात यह है कि आईएसपीआर के डीजी ने करीब डेढ़ घंटे तक प्रेसवार्ता को संबोधित किया। मगर इस प्रेसवार्ता में इमरान और उनकी पार्टी का जिक्र न के बराबर था।

डीजी आईएसपीआर का कहना था कि सेना का मानना है कि, वर्तमान में, पाकिस्तान के लिए अकेला सबसे बड़ा खतरा आंतरिक राजनीतिक अस्थिरता। इस दौरान उन्?होंने नाम नहीं लिया लेकिन सब समझ गए थे कि उनका इशारा किस तरफ है। उन्होंने नौ मई की घटनाओं को सेना और उसके नेतृत्व के खिलाफ पिछले कई महीनों से लोगों को गुमराह करने में शामिल लोगों द्वारा रचित एक सुनियोजित साजिश बताया। इससे साफ हो गया कि उनका इशारा किस तरफ था। इमरान की गिरफ्तारी के बाद बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शनों ने दुनिया को चिंता में डाल दिया था। जो कार्रवाई की गई उसके बाद कुछ पत्रकारों को सेना के बयानों में विरोधाभास नजर आया। सेना की तरफ से पहले कहा गया था कि मिलिट्री ने प्रदर्शन वाले दिन काफी संयम बरता था।

डीजी से बार-बार यह साफ करने को कहा गया था कि जब सेना खुद संयम दिखाना चाहती थी तब प्रदर्शनकारियों से न उलझने के लिए तीन अधिकारियों को क्यों जाने दिया गया। मगर वह कोई जवाब नहीं दे सके। महत्वपूर्ण बात यह है डीजी की तरफ से यह दिखाने की कोशिश की गई कि नौ मई को जो कुछ भी हुआ उसमें सेना ने खुद को सजा दी है। डीजी आईएसपीआर ने यह साफ कर दिया कि सेना का मानना है कि अब असैन्य अपराधियों को सजा देने का समय आ गया है।



उन्होंने सैन्य अदालतों में चलने वाले मुकदमों का बचाव किया। साथ ही इसकी जानकारी भी दी कि 102 संदिग्धों का कोर्ट मार्शल पहले से ही चल रहा है। खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए इंसाफ के कार्यकर्ताओं ने लाहौर कोर कमांडर हाउस, मियांवाली एयरबेस और फैसलाबाद में आईएसआई भवन सहित 20 से अधिक सैन्य प्रतिष्ठानों और सरकारी भवनों में तोड़फोड़ की थी। रावलपिंडी में सेना मुख्यालय (जीएचक्यू) पर भी भीड़ ने हमला किया था। उन्होंने चेतावनी भी कि दी कि इस प्रक्रिया को नतीजे पर पहुंचाने के रास्?ते में जो कोई भी आएगा, उससे सख्ती से निपटा जाएगा। वहीं कई लोगों का मानना है कि सुप्रीम कोर्ट में पहले ही इस बात को लेकर सुनवाई चल रही है कि सैन्य अदालतों के तहत नागरिकों पर मुकदमा चलाना कहां तक सही है। पाकिस्तान के विशेषज्ञों की मानें तब यह वॉर्निंग सीधे तौर पर इमरान खान और उनकी पार्टी के लिए है। इमरान अक्सर सेना पर निशाना साधते रहते हैं। साथ ही नौ मई को हुई हिंसा में उनकी पार्टी के समर्थक बड़े पैमाने पर मौजूद थे।

# विश्व कप 2023 के लिए शेड्यूल का ऐलान, 5 अक्टूबर को होगा आगाज, 15 को अहमदाबाद में भारत बनाम पाकिस्तान

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारत में होने वाले एकदिवसीय विश्व कप 2023 के लिए शेड्यूल का ऐलान आईसीसी की ओर से कर दिया गया है। विश्व कप 5 अक्टूबर को शुरू होगा जिसमें अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में इंग्लैंड और न्यूजीलैंड आपस में भिड़ेंगे। मेजबान भारत अपने पहले मुकाबले में 8 अक्टूबर को चेन्नई में ऑस्ट्रेलिया से भिड़ेगा जबकि पाकिस्तान के खिलाफ रोमांचक मुकाबला 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होगा। विश्व कप कार्यक्रम की घोषणा में कई बार देरी हुई। जबकि विश्व कप 2019 और 2015 के कार्यक्रम की घोषणा एक साल पहले ही कर दी गई थी।

टूर्नामेंट के लिए अहमदाबाद, बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे में होने वाले मैचों के साथ 10 स्थानों को अंतिम रूप दिया गया है। मेजबान भारत अपने सभी 9 मैच अलग-अलग स्थानों पर खेलेगा। हालांकि, हैदराबाद में मेन इन ब्लू के मुकाबले नहीं होंगे। चेन्नई और अहमदाबाद क्रमशः ऑस्ट्रेलिया और पाकिस्तान के खिलाफ बड़े मैचों की मेजबानी करेंगे। लखनऊ में गत चैंपियन इंग्लैंड भारत से भिड़ेगा वहीं, कोलकाता में दक्षिण अफ्रीका और धर्मशाला में न्यूजीलैंड से भिड़ेंगा। सेमीफाइनल क्रमशः 15 और 16 नवंबर को मुंबई और कोलकाता में खेले जाएंगे। फाइनल 19 नवंबर को अहमदाबाद में होगा।

इस मेगा इवेंट में कुल 10 टीमें भाग लेंगी, पहली आठ टीमें पहले ही क्रिकेट विश्व कप सुपर लीग के माध्यम से क्वालीफाई कर चुकी हैं। अंतिम दो स्थान जिम्बाब्वे में क्वालीफायर टूर्नामेंट के अंत में निर्धारित किए जाएंगे, जो 9 जुलाई को समाप्त होगा। प्रत्येक टीम राउंड रॉबिन प्रारूप में अन्य नौ से खेलेगी, जिसमें शीर्ष चार नॉकआउट चरण और सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाइंग होंगे। बहुप्रतीक्षित भारत-पाकिस्तान मुकाबला रविवार 15 अक्टूबर को अहमदाबाद में होने वाला है।




# पूर्व ऑस्ट्रेलियाई क्रिकेटर हॉग ने सरफराज की उपेक्षा का कारण बताया



**–शीर्ष स्तर के गेंदबाजों के सामने रहा है खराब रिकार्ड**

**सिडनी (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलिया के पूर्व क्रिकेटर ब्रैड हॉग ने वेस्टइंडीज दौरे पर जाने वाले भारतीय टीम में बल्लेबाज सरफराज खान को शामिल नहीं किये जाने के कारणों का खुलासा किया है। हॉग ने कहा कि सरफराज को इसलिए शामिल नहीं किया गया है क्योंकि शीर्ष स्तर के तेज गेंदबाजों के सामने उनका रिकार्ड अच्छा नहीं रहा है। हॉग के अनुसार सरफराज को टीम में जगह नहीं मिलने का कारण उनकी खराब फिटनेस बतायी जा रही है पर वास्तविकता ये है कि वह अच्छे तेज गेंदबाजों के सामने रन नहीं बना पाते हैं। इसी कारण घरेलू क्रिकेट में शतक और काफी रन बनाने के बाद भी उनकी उपेक्षा हो रही है। वहीं युवा यशस्वी जायसवाल और ऋतुराज गायकवाड़ को टीम में जगह मिल गई है,

हॉग ने हालांकि कहा कि सरफराज अगले आईपीएल में बेहतर प्रदर्शन के बल पर टीम इंडिया में जगह बना लेंगे।

हॉग ने कहा, 'सरफराज रणजी ट्रॉफी में शानदार खेल दिखाते रहे हैं पर वह इसके बाद भी इस टीम में क?यों नहीं हैं। ये मैं जानता हूं कि।' वह मध्य क्रम में अपनी राज्य टीम के लिए नंबर 5 या 6 पर बल्लेबाजी करते हैं। इसी पर ध्यान देते हुए देखें तो बेहतर गुणवत्ता की तेज गेंदबाजी के खिलाफ उनका रिकॉर्ड ठीक नहीं हैं। मुझे लगता है कि इसे मामले में सरफराज को लेकर भारतीय चयनकर्ता कुछ संशय में रहे हैं। यदि वह अगले आईपीएल सत्र में अपने प्रदर्शन में सुधार करते हैं तो मुझे विश्वास है कि वे टेस्ट स्तर पर भारतीय टीम में जगह पा सकेंगे। इस पूर्व स्पिनर का यह भी मानना है कि बल्लेबाज चेतेश्वर पुजारा को टीम में नहीं चुने जाने का कारण उनकी बल्लेबाजी नहीं बल्कि कम स्ट्राइक रेट है। हॉग ने कहा कि भारतीय टीम प्रबंधन चाहता है कि उसका शीर्ष क्रम आक्रामक अंदाज की क्रिकेट खेले और इसी कारण पुजारा को बाहर कर दिया गया।

# दूसरे एशेज टेस्ट में बेहतर प्रदर्शन करने उतरेंगी ऑस्ट्रेलिया: लाबुशेन



**लंदन (एजेंसी)।** ऑस्ट्रेलियाई बल्लेबाज मार्नस लाबुशेन ने कहा कि कहा है कि बुधवार से शुरु हो रहे दूसरे एशेज टेस्ट में उनकी टीम को बेहतर प्रदर्शन करना होगा। लाबुशेन के अनुसार शुरुआती मुकाबले में उनके तेज गेंदबाजों ने इंग्लैंड के खिलाफ अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन नहीं किया था। उन्होंने कहा कि ऑस्ट्रेलिया को आने वाले मैचों में अपनी गेंदबाजी में सुधार कर मेजबान टीम को बड़े स्कोर बनाने से रोकना होगा। ऑस्ट्रेलिया की टीम ने पहले टेस्ट में इंग्लैंड को दो विकेट से हराकर पांच मैचों की श्रृंखला में 1-0 की बढ़त बनायी हुई है। टीम के कई खिलाड़ियों ने अच्छा प्रदर्शन किया पर लाबुशेन का मानना है कि तेज गेंदबाजों ने उम्मीद के अनुसार प्रदर्शन नहीं किया।

उन्होंने कहा, 'मुझे नहीं लगता कि हमने दूसरे दर्जे का प्रदर्शन किया। मुझे लगता है कि कुछ खिलाड़ियों ने असाधारण प्रदर्शन किया जिसमें से बल्लेबाज उस्मान ख्वाजा भी शामिल हैं। स्पिनर नाथन लियोन ने शानदार गेंदबाजी की। उन्होंने कहा, 'आप ने हमारे सभी तेज गेंदबाजों को पिछले चार या पांच साल से गेंदबाजी करते हुए देखा है। यह निश्चित रूप से उनकी सर्वश्रेष्ठ गेंदबाजी नहीं थी फिर भी हमें जीत के लिए केवल 280 रनों का लक्ष्य मिला था। ऐसे में हम अब दूसरे मैच में सुधार करने की उम्मीद कर रहे हैं। लाबुशेन ने स्वीकार किया है कि इंग्लैंड के गेंदबाजों ने उनके बल्लेबाजों पर दबाव बना दिया था। उन्होंने कहा, 'इंग्लैंड के बल्लेबाजों ने हमें थोड़ा दबाव में डाल दिया पर कहा कि अंत में परिणाम ही अहम रहता है और उसमें हमे जीत मिली। विश्व रैंकिंग में शीर्ष पर कायम लाबुशेन पहले टेस्ट में अधिक रन नहीं बना पाये। उन्होंने मैच की दोनों पारियों में कुल मिलाकर शून्य और 13 रन ही बनाये थे।

# विश्वकप क्वालिफायर में नीदरलैंड से मिली हार के साथ ही वेस्टइंडीज का विश्वकप से बाहर होना तय

**–पूरन का शतक बेकार गया, होल्डर ने सुपर ओवर में दिये 30 रन**

**हरारे (एजेंसी)।** नीदरलैंड ने एक बड़ा उलटफेर करते हुए दो बार की विश्वकप विजेता वेस्टइंडीज की टीम को आईसीसी विश्व कप क्वालिफायर के 18वें मुकाबले में हरा दिया।इस हार के साथ ही वेस्टइंडीज की टीम का विश्वकप से बाहर होना करीब-करीब तय हो गया है। इस मैच में वेस्टइंडीज ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निकोलस पूरन के नाबाद शतक 104 रनों की सहायता से 50 ओवर में 374 रन बनाये। इस प्रकार नीदरलैंड को जीत के लिए 375 रनों का कठिन लक्ष्य दिया पर डच टीम ने तेजा निदामनुरू के 76 गेंदों पर 111 रनों की सहायता से 9 विकेट पर ही ये लक्ष्य हासिल कर सबको हैरान कर दिया। इसके बाद मैच सुपर ओवर तक गया, जहां वैन बीक ने जेसन होल्डर की गेंद पर 30 रन बनाकर मैच नीदरलैंड के कब्जे में ला दिया। वेस्टइंडीज टीम सुपर ओवर में आठ रन ही बना पायी और पांच गेंदों पर ही उसने अपने दोनों विकेट खो दिए। इसी के साथ विंडीज का इस बार एकदिवसीय विश्व कप से बाहर होना तय है।

वेस्टइंडीज टीम हालांकि किसी प्रकार सुपर-6 के लिए क्वॉलिफाई करने में तो सफल रही पर यहां वह शून्य अंक के साथ पहुंची है। उसने अपने ग्रुप से सुपर-6 में पहुंचने वाली जिम्बाब्वे या नीदरलैंड्स में किसी एक के खिलाफ भी जीत नहीं दर्ज की है। वहीं जिम्बाब्वे के 4 अंक हैं। दूसरे ग्रुप से श्रीलंका, स्कॉटलैंड और ओमान की टीमें सुपर-6 में पहुंची है।




गौरतलब है किसुपर-6 में शीर्ष-2 पर रहने वाली टीम विश्वकप के लिए क्वॉलिफाई करेगी। यदि वेस्टइंडीज अब इन तीनों को भी हरा देती है तो भी उसके 6 अंक ही होंगे। वहीं जिम्बाब्वे एक मैच जीतकर ही 6 अंकों तक पहुंच जाएगी। जिम्बाब्वे का रन रेट भी बेहतर है। इसके साथ ही श्रीलंका और स्कॉटलैंड में एक टीम 6 अंक के साथ सुपर सिक्स में पहुंचेगी। अगर जिम्बाब्वे सुपर सिक्स में दो मैच जीत जाती है तो वेस्टइंडीज विश्व कप से बाहर हो जाएगी।

# भारत से पिछले 21 साल से टेस्ट सीरीज नहीं जीती है वेस्टइंडीज

जमैका ।भारत और वेस्टइंडीज टीम के बीच अगले माह से दो टेस्ट मैचों की सीरीज खेली जाएगी।इसमें भारतीय टीम जीत की प्रबल दावेदार नजर आती है क्योंकि वेस्टइंडीज टीम भारत में पिछले 21 साल से नहीं जीती है।वेस्टइंडीज ने भारत में अंतिम बार टेस्ट मैच साल 2002 में जीता था। इसके बाद से ही वेस्टइंडीज को लगातार हार का सामना करना पड़ा है।21 साल पहले कैरेबियाई टीम ने अंतिम बार भारत को बड़े प्रारुप में हराया था।तब वेस्टइंडीज की टीम ने 2-1 से सीरीज जीती थी।इस सीरीज का आयोजन वेस्टइंडीज में ही हो रहा था। उसके बाद से ही कोई टेस्ट मैच और ना ही कोई टेस्ट सीरीज वेस्टइंडीज ने भारत से जीती है।साल 2002 के बाद से अब तक भारत और वेस्टइंडीज के बीच कुल 8 टेस्ट सीरीज खेली गई हैं और सभी सीरीज भारतीय टीम ने ही जीती है।

# शुभमन, अक्षर और ईशान को कप्तान के तौर पर तैयार करें : गावस्कर



मुम्बई।भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान सुनील गावस्कर ने भविष्य को देखते हुए तीन युवा खिलाड़ियों को टीम के कप्तान के तौर पर तैयार करने के लिए कहा है।गावस्कर ने कहा, भविष्य के कप्तान के तौर पर बल्लेबाज शुभमन गिल के अलावा स्पिन ऑलराउंडर अक्षर पटेल और विकेटकीपर ईशान किशन बेहतर विकल्प हैं। अक्षर हर मैच से साथ बेहतर होते जा रहे हैं, ऐसे में उन्हें उप कप्तान की जिम्?मेदारी देकर उन्हें इसके लिए तैयार करने पर विचार किया जा सकता है।इस महान बल्लेबाज ने कहा, भविष्य के कप्तान के तौर पर शुभमन और अक्षर पटेल हर मैच से साथ ही बेहतर होते जा रहे हैं, ऐसे में उन्हें उप कप्तान की जिम्मेदारी देकर उन्हें इसके लिए तैयार करने पर विचार किया जा सकता है। इन दोनों अनुभवी बल्लेबाजों के अलावा ईशान किशन भी दौड़ में बने हुए हैं।गावस्कर ने कहा कि विकेटकीपर बल्लेबाज ईशान टीम में स्थान पक्का होने पर कप्तान के दावेदार बन जाएंगे। वहीं वेस्टइंडीज दौर के लिए अनुभवी बल्लेबाज अजिंक्य रहाणे को उपकप्तानी दिये जाने पर उन्होंने कहा कि अगर किसी युवा को ये जिम्मेदारी दी जाती तो और बेहतर होता क्योंकि रहाणे की उम्र बढ़ती जा रही है और ऐसे में भविष्य को देखते हुए किसी युवा खिलाड़ी को उपकप्तान बनाया जाना था।

# बुमराह ने एनसीए में शुरू किया गेंदबाजी अभ्यास, वापसी की समयसीमा तय नहीं

**बेंगलुरु।(एजेंसी)।** भारतीय तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह ने राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी (एनसीए) में नेट अभ्यास के दौरान सात ओवर गेंदबाजी की है लेकिन चोट से उबरकर राष्ट्रीय टीम में कब वापसी करेंगे इसका जवाब अभी किसी के पास नहीं है। नेट पर बुमराह की गेंदबाजी को हालांकि 2023 विश्व कप की प्रतीक्षा कर रहे भारतीय प्रशंसकों अच्छी खबर मान रहे है। विश्व कप का कार्यक्रम मंगलवार को मुंबई में जारी किया गया है। बुमराह की पीठ में बार-बार होने वाली तकलीफ के लिए मार्च में न्यूजीलैंड में सर्जरी हुई थी और तब से वह फिटनेस हासिल करने होने की राह पर हैं। बुमराह ने भारत के लिए अपना पिछला मुकाबला सितंबर 2022 में ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ घरेलू टी 20 अंतरराष्ट्रीय मैच के दौरान खेला था।

ऐसे में सवाल उठ रहे कि क्या बुमराह आयरलैंड के खिलाफ टी20 अंतरराष्ट्रीय श्रृंखला या एशिया कप में वापसी कर




पाएंगे? इस घटनाक्रम पर नजर रखने वाले एक सूत्र ने पीटीआई-को बताया, '' इस तरह की चोट के लिए, कोई समयसीमा निर्धारित करना बुद्धिमानी नहीं है क्योंकि खिलाड़ी की लगातार निगरानी की आवश्यकता होती है। यह हालांकि कहा जा सकता है कि बुमराह चोट से अच्छी तरह से उबर रहे हैं। उन्होंने एनसीए नेट पर सात ओवर गेंदबाजी की है। वह अपने कार्यभार को लगातार बढ़ा रहे है जिसमें शुरुआती दौर के हल्के वर्कआउट से गेंदबाजी की ओर बढ़ना शामिल है। उन्होंने कहा, ''वह अगले महीने (एनसीए में) कुछ अभ्यास मैच खेलेंगे और तब उनकी फिटनेस का करीबी आकलन किया जाएगा।'' भारतीय टीम के पूर्व 'स्ट्रेंथ और कंडीशनिंग' कोच रामजी श्रीनिवासन ने कहा कि बुमराह की वापसी में काफी सावधानी बरतनी चाहिए।

उन्होंने कहा, '' उसे जल्दबाजी नहीं करनी चाहिए. एनसीए में अभ्यास मैच खेलना एक अच्छा कदम है क्योंकि इससे उनके शरीर को मैच की मांग के अनुरूप तैयार करने में मदद मिलेगी। उन्हें शीर्ष स्तर के क्रिकेट में लाने से पहले कुछ वास्तविक (घरेलू) मैचों में खेलना चाहिये।'' लोकेश राहुल और श्रेयस अय्यर भी एनसीए में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे है। यह दोनों खिलाड़ी भी चोट से उबरने के मामले में अच्छी प्रगति कर रहे हैं। उनकी वापसी के लिए भी कोई विशेष समयसीमा निर्धारित नहीं की गई है। राहुल ने लंदन में जांघ की जबकि श्रेयस ने पीठ के निचले हिस्से की सर्जरी कराई थी।

# मारिया को हराकर स्वियातेक बैड होम्बर्ग ओपन के दूसरे दौर में पहुंची



बैड होमबर्ग।शीर्ष रैंकिंग की खिलाड़ी इगा स्वियातेक ने बैड होमबर्ग ओपन के अपने पदार्पण मुकाबले में पहले सेट में पिछड़ने के बाद शानदार वापसी करते हुए तात्याना मारिया को शिकस्त देकर दूसरे दौर में जगह बनायी।दो सप्ताह पहले फ्रेंच ओपन का खिताब जीतने के बाद अपना पहला मैच खेल रही स्वियातेक ने ग्रास-कोर्ट विशेषज्ञ मारिया पर 5-7, 6-2, 6-0 से जीत दर्ज की।पोलैंड की इस खिलाड़ी के सामने दूसरे दौर में जिल टीचमन की चुनौती होगी।स्विट्जरलैंड की टीचमन ने अमेरिका की क्लेयर लियू को 3-6, 6-3, 6-4 मात दी।अमेरिका की एम्मा नवारो ने अर्जेंटीना की नादिया पोडोरोस्का पर 6-2, 6-0 से आसान जीत दर्ज की।दूसरे दौर में उनका मुकाबला फ्रांस की एलिजे कोर्नेट से होगा।इसके अलावा चौथी वरीयता प्राप्त मेयर शेरिफ ने जर्मनी की ऐना-लेना फ्रीडसैम को 4-6, 6-4, 7-5 तो वहीं कतेरीना सिनियाकोवा ने सातवीं वरीयता प्राप्त एलिसबेटा कोकियारेटो को 6-3, 6-4 से हराया। बियांका आंद्रेस्कू ने ब्रिटेन की सोनाय कार्तल को 6-2, 3-6, 7-5 से पराजित किया।

# पृथ्वी के खिलाफ सपना के लगाये आरोपों को पुलिस ने झूठा बताया

मुंबई।क्रिकेटर पृथ्वी शॉ के खिलाफ सोशल मीडिया इन्फ्लूएंसर सपना गिल के छेड़छाड़ के आरोपों को मुम्बई पुलिस ने गलत करार दिया है।इस मामले में जांच अधिकारी ने मजिस्ट्रेट को अपनी जांच रिपोर्ट सौंपी है।वहीं पुलिस द्वारा रिपोर्ट सौंपने के बाद सपना के वकील अली काशिफ खान ने अदालत से अनुरोध किया कि उन्हें कथित विवाद का वीडियो फुटेज पेश करने की अनुमति दी जाए, जिसे गिल के दोस्त ने अपने फोन पर रिकॉर्ड किया था।उन्होंने पब के बाहर हुई घटना की सीसीटीवी फुटेज लेने की भी मांग की।इसपर अदालत ने पुलिस को पूरी घटना की फुटेज सौंपने को कहा और मामले को 28 जून तक के लिए स्थगित कर दिया।सपना ने अंधेरी में एक मजिस्ट्रेट अदालत के समक्ष छेड़छाड़ और बदसलूकी एक शिकायत दर्ज की थी और क्रिकेटर पर एफआईआर दर्ज करने की मांग की गई थी।इसी को लेकर पुलिस ने अदालत को बताया कि पब के सीसीटीवी फुटेज की जांच से पता चलता है कि सपना और उसका दोस्त शोबित ठाकुर नशे में थे और नाच रहे थे।

# विश्वनाथन आनंद की अगुवाई वाली 'गैंजेज ग्रैंडमास्टर' ने 'त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स' को हराया




दुबई।भारत के पांच बार के विश्व चैंपियन विश्वनाथन आनंद के नेतृत्व में 'गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स' ने यहां 'ग्लोबल शतरंज लीग (जीसीए)' के शुरुआती सत्र में 'त्रिवेणी कॉन्टिनेंटल किंग्स' को 14-2 के बड़े अंतर से हराया।सोमवार रात को खेल गये इस मुकाबले में 'गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स' के छह में से चार खिलाड़ियों ने जीत दर्ज की जबकि बाकी के दो मुकाबले बराबरी पर छूटे।आनंद के खिलाफ लेवोन अरोनियन ने मैच को लंबा खींचने पर ध्यान दिया ने इस भारतीय दिग्गज ने उनकी चुनौती को खत्म करने में ज्यादा परेशानी नहीं हुई। एक अन्य मैच में एसजी एल्पाइन वॉरियर्स को बलान अलास्कन नाइट्स ने 10-9 से हराया।गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स जीसीएल की तालिका में शीर्ष पर है जबकि एसजी एल्पाइन वॉरियर्स दूसरे स्थान पर है।दोनों टीमों के एक समान 12 अंक है लेकिन गैंजेज ग्रैंडमास्टर्स ने अधिक गेम प्वाइंट बनाये है।

# आईसीसी विश्व कप क्रिकेट का मेजबान बनकर गर्व का अनुभव कर रहे : जय शाह

**–विश्व कप का कार्यक्रम जारी करते हुए खुशी हो रही : एलाडिर्स**

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) सचिव जय शाह ने आईसीसी विश्व कप क्रिकेट टूर्नामेंट के कार्यक्रम की घोषणा पर खुशी व्यक्त करते हुए कहा है कि इसकी मेजबानी मिलना हमारे लिए सम्मान और गर्व की बात है। शाह ने कहा, ''हमारे देश की समृद्ध विविधता को प्रदर्शित करते हुए भारत के विभिन्न शहरों में आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप का आयोजन होगा सम्मान के साथ ही गर्व की बात है।

उन्होंने कहा, ''भारत में क्रिकेट के प्रति लोगों में जबरदस्त उत्साह रहता है। मुझे भरोसा है कि यहां और विदेशों में प्रशंसक साल 2011 के बाद पहली बार टूर्नामेंट की भारत में वापसी का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। साथ ही कहा कि मैं सभी टीमों को उनकी तैयारियों के लिए शुभकामनाएं भी देता हूं। हम एक और रोमांचक टूर्नामेंट की मेजबानी के लिए तैयार हैं।

वहीं आईसीसी के मुख्य कार्यकारी ज्योफ एलाडिर्स ने कहा, हमें आईसीसी पुरुष क्रिकेट विश्व कप 2023 का कार्यक्रम जारी करते हुए खुशी हो रही है, जो किसी भी वैश्विक आयोजन से पहले हमेशा एक बड़ा अवसर होता है। उन्होंने कहा, ''हमें उम्मीद है कि दुनिया भर में करोड़ों प्रशंसक अब तक के सबसे बेहतरीन पुरुष क्रिकेट विश्व कप का हिस्सा होंगे और हम जानते हैं कि भारत में टीमें एक अनोखे वातावरण का आनंद लेंगी।

इस विश्व कप में दुनिया भर की दस टीमें शामिल होंगी। ये टूर्नामेंट पांच अक्टूबर से 19 नवंबर तक 10 स्थानों पर खेला जाएगा। इसमें मैचों का आयोजन बेंगलुरु, चेन्नई, दिल्ली, धर्मशाला, हैदराबाद, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई और पुणे में होगा। अहमदाबाद में टूर्नामेंट का उद्घाटन मैच होने के साथ ही 19 नवंबर को होने वाला फाइनल भी खेला जाएगा। अभ्यास मैच गुवाहाटी और तिरुवनंतपुरम व हैदराबाद जैसे स्थलों पर भी खेले जाएंगे। विश्व कप सुपर लीग के माध्यम से 46 दिवसीय आयोजन के लिए आठ टीमों ने क्वालीफाई कर लिया है, जबकि अंतिम दो स्थान जिम्बाब्वे में जारी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप क्वालीफायर द्वारा तय किए जायेंगे।

टूर्नामेंट में पिछली बार के राउंड-रॉबिन




प्रारूप को बरकरार रखा गया है। सभी टीमें कुल 45 लीग मैचों में एक-दूसरे के खिलाफ खेलेंगी। लीग चरण के अंत में शीर्ष चार टीमें सेमीफाइनल के लिए क्वालीफाई करेंगी, जो 15 नवंबर को मुंबई में और 16 नवंबर को कोलकाता में खेला जाएगा। सेमीफाइनल और फाइनल के लिए अतिरिक्त दिन आरक्षित किए गए हैं।

# चावल उपलब्ध होने पर मुफ्त चावल योजना लागू की जाएगी : सिद्दारमैया



बेंगलुरु, 27 जून (एजेन्सी)। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया ने मंगलवार को घोषणा की कि मुफ्त चावल योजना 'अन्न भाग्य', सरकार के पास चावल उपलब्ध होने पर लागू की जाएगी। चावल को लेकर सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के बीच टकराव की स्थिति बनी हुई है।

बीजेपी ने कहा था कि अगर 1 जुलाई तक योजना लागू नहीं की गई तो पार्टी विरोध प्रदर्शन शुरू करेगी। जेडीएस भी बिना तैयारी के योजना की घोषणा करने के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस सरकार पर हमला कर रही है। कांग्रेस ने राज्य विधानसभा चुनाव के दौरान अपने चुनावी घोषणा पत्र में कई वादे किए थे, जिनमें से एक अन्न भाग्य योजना भी थी। योजना के तहत बीपीएल कार्डधारक परिवार के प्रत्येक सदस्य को 10 किलो चावल मुफ्त मिलेगा। भारतीय खाद्य निगम (एफसीआई) द्वारा कर्नाटक को चावल बेचने से इनकार करने पर सीएम सिद्दारमैया और कांग्रेस नेता केंद्र सरकार व पीएम मोदी पर निशाना साध रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मुफ्त चावल योजना को लागू करने के लिए 2.29 लाख मेट्रिक टन चावल की जरूरत है जो उपलब्ध नहीं है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार के अधीन काम करने वाली एफसीआई ने पहले लिखित में चावल की आपूर्ति करने पर सहमति जताई, लेकिन फिर इसे कर्नाटक को बेचने से इनकार कर दिया।

सीएम ने भाजपा पर हमला बोलते हुए कहा कि यह केंद्र सरकार की साजिश है। स्टॉक होने के बावजूद वे चावल बेचने से इनकार कर रहे हैं। मैंने केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी और उनसे चावल उपलब्ध कराने का अनुरोध किया था। हम चावल पैसों से ले रहे हैं, मुफ्त नहीं। बीजेपी सरकार गरीबों का खाना चुरा रही है। उन्होंने कहा कि तेलंगाना, आंध्र प्रदेश, छत्तीसगढ़ और पंजाब में चावल उपलब्ध नहीं है। सीएम सिद्दारमैया ने कहा कि जब भी चावल उपलब्ध होगा, योजना लागू की जाएगी।

इस मुद्दे पर भाजपा के विरोध के बारे में पूछे जाने पर सीएम ने कहा कि पूर्व मुख्यमंत्री बीएस येदियुरप्पा को सामने आकर बताना चाहिए कि भाजपा सरकार ने कितनी योजनाएं लागू कीं। हम ईमानदारी से चावल लाने का प्रयास कर रहे हैं। अगर भाजपा नेता गरीबों के पक्ष में हैं, तो उन्हें चावल उपलब्ध कराने के लिए केंद्र सरकार पर दबाव बनाना चाहिए। सिद्दारमैया ने कहा कि इस मुद्दे पर बुधवार को होने वाली कैबिनेट में चर्चा की जाएगी।

# झारखंड हाईकोर्ट ने सोरेन सरकार पर लगाया पांच हजार रुपए का जुर्माना

रांची, 27 जून (एजेन्सी)। झारखंड हाईकोर्ट ने रांची नगर निगम का चुनाव कराने के लिए दायर याचिका पर जवाब न देने पर झारखंड सरकार के प्रति कड़ी नाराजगी जताते हुए पांच हजार रुपए का जुर्माना लगाया है। अदालत ने सरकार को तीन हफ्ते में जवाब दाखिल करने को कहा है। ऐसा न करने पर सरकार को जुर्माने की राशि जमा करनी होगी।




हाईकोर्ट के न्यायाधीश जस्टिस राजेश शंकर की बेंच ने रांची नगर निगम की एक्स काउंसिलर रोशनी खलखो, अरुण झा एवं अन्य की ओर से दायर याचिका पर मंगलवार को सुनवाई करते हुए यह आदेश दिया।

याचिका दायर करने वालों की ओर से कोर्ट को बताया गया कि नगर निगम का कार्यकाल पूरा हो गया। इसके बाद भी चुनाव नहीं कराए गए। यह सरकारी मशीनरी का ब्रेकडाउन है। नगर निगम का चुनाव नहीं होने से कई काम प्रभावित हैं। जनता से जुड़े सारे कार्य अधिकारियों के जिम्मे सौंप दिये गये हैं। सरकार के इस फैसले से लोगों को काफी परेशानी हो रही है।

याचिकाकर्ताओं ने मांग की है कि जब तक चुनाव नहीं कराए जाते, तब तक वैकल्पिक व्यवस्था के रूप में पूर्व पार्षदों को तदर्थ रूप से अधिकार और दायित्व दिए जाएं। इसके पहले तय समय पर पंचायत चुनाव न कराए जाने पर पंचायत प्रतिनिधियों को इसी तरह की तदर्थ व्यवस्था के तहत अधिकार दिए गए थे। याचिका में रांची नगर निगम में प्रशासक नियुक्त करने के सरकार के आदेश को भी चुनौती दी गई है। याचिकाकर्ता की ओर से अधिवक्ता विनोद सिंह ने पक्ष रखा। वहीं, सरकार की ओर से अपर महाधिवक्ता सचिन कुमार और नगर निगम की ओर से अधिवक्ता प्रशांत सिंह ने बहस की।

# इंटर्नशिप प्रोग्राम के माध्यम से 7.50 लाख युवाओं को देंगे नौकरी : योगी

लखनऊ, 27 जून (एजेन्सी)। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रदेश में प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री इंटर्नशिप प्रोग्राम चल रहे हैं। इस प्रोग्राम के माध्यम से हम साढ़े सात लाख युवाओं को नौकरी देंगे। इसके लिए हमारे उद्यमियों को आगे आना होगा।



सीएम योगी ने मंगलवार को अंतर्राष्ट्रीय एमएसएमई दिवस-2023 के अवसर पर लोकभवन में आयोजित एमएसएमई क्षेत्र के समग्र विकास हेतु बैंकों द्वारा 20 हजार करोड़ रुपए के ऋण वितरण कार्यक्रम में शिरकत की। इस दौरान उन्होंने कहा कि तीन महीने के अंदर पहले चरण के तहत राजधानी के अवध शिल्पग्राम में यूनिटी मॉल प्रारंभ हो जाए तो बेहतर रहेगा।

सीएम योगी ने कहा कि ऋण वितरण कार्यक्रम के तहत आज प्रदेश के 3 लाख 41 हजार एमएसएमई उद्यमियों को एक साथ ऋण वितरित किया जा रहा है। यह सेक्टर कृषि के बाद सर्वाधिक रोजगार उपलब्ध कराने वाला है। एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों ने इस सेक्टर में नई जान फूंककर उत्तर प्रदेश को नई पहचान दी है। उन्होंने कहा कि एमएसएमई विभाग पूर्वांचल, बुंदेलखंड और गंगा एक्सप्रेस-वे पर जमीन चिन्हित कर एमएसएमई क्लस्टर विकसित करें। साथ ही लखनऊ, वाराणसी और आगरा में यूनिटी मॉल बनाने की कार्रवाई को आगे बढ़ाएं। वहां पर अच्छे गेस्ट हाउस और हॉस्टल बनाया जाए। एमएसएमई सेक्टर के उद्यमियों को उनकी आवश्यकता के अनुसार सुविधा उपलब्ध कराई जाए।

सीएम योगी ने कहा कि एक समय ऐसा था कि यूपी का एमएसएमई सेक्टर दम तोड़ रहा था। सरकार की तरफ से सहयोग न मिलने से इस सेक्टर के उद्यमी हताश और निराश हो चुके थे। विगत छह वर्ष में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से हमारी सरकार में लगभग 96 लाख एमएसएमई इकाइयां चल रही हैं। ये इकाइयां करोड़ों लोगों के जीवन का आधार हैं। उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है, जिसने एमएसएमई सेक्टर को जीवित रखने के लिए 'एक जिला, एक उत्पाद' (ओडीओपी) की योजना चलाई, जो देश के अंदर एक ब्रांड बन चुकी है। आज देश में जब भी एमएसएमई और ओडीओपी की बात होती है तो लोगों की जुबान पर सबसे पहले उत्तर प्रदेश का नाम आता है। उन्होंने कहा कि 52 उत्पादों के लिए जीआई टैग प्राप्त करने वाला उत्तर प्रदेश देश के अग्रणी राज्यों में है। अकेले वाराणसी के 23 उत्पादों को जीआई टैग मिल चुका है। हमारे पास 75 जनपद हैं, आने वाले समय में उत्तर प्रदेश के कई अन्य उत्पादों को जीआई टैग मिलेगा। वो दिन दूर नहीं है, जब उत्तर प्रदेश के परंपरागत उत्पादों का डंका देश और दुनिया में बजेगा। कार्यक्रम में सीएम योगी ने प्रयागराज के ग्राम मंदर देह माफी (मंदरी) भगवत में गोबर बायोगैस प्लांट और ग्राम गांजा में ऊनी धागा उत्पादन केन्द्र का लोकार्पण किया।

साथ ही उन्होंने एमएसएमई के 14 उद्यमियों को राज्य सरकार की विभिन्न योजनाओं के अंतर्गत अनुदान राशि वितरित की। इसके अलावा कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश शासन और भारतीय पैकेजिंग संस्थान (आईआईपी) के बीच एमओयू का आदान-प्रदान किया गया। सीएम योगी ने जीआई टैग से संबद्ध हुए 11 ओडीओपी उद्यमियों को प्रमाण पत्र वितरित किये। इनमें अमरोहा की ढोलक, अलीगढ़ का ताला, बागपत के होम फर्निशिंग, बांदा के शजर पत्थर, बाराबंकी के हैंडलूम, बिजनौर के नगीना गुड क्राफ्ट, जालौन के काल्पी हैंडमेड पेपर, महोबा के गोरा पत्थर, मैनपुरी की तारकशी, संभल के हॉर्न क्राफ्ट और संतकबीर नगर के बखिरा मेटल प्रोडक्ट के उद्यमी शामिल रहे।

# केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने बीजेपी पदाधिकारियों के साथ की बैठक



**अनुगामिनी का.सं.**

गंगटोक, 27 जून । सिक्किम के तीन दिवसीय दौरे पर आये केंद्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने आज सिंगताम स्थित भाजपा प्रदेश कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों के साथ बैठक की।

प्रदेश अध्यक्ष और अपर बुर्तुक विधायक डीआर थापा, पार्टी विधायक दल के नेता एनके सुब्बा, गंगटोक विधायक वाईटी लेप्चा, उपाध्यक्ष अर्जुन राई, महासचिव भरत दुलाल और अन्य राज्य पदाधिकारी, कार्यकारी सदस्य और वरिष्ठ सदस्य बैठक में मौजूद थे। बैठक के प्रारंभ में उपस्थित सभी लोगों ने मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल से वीडियो कॉन्फ्रेंस के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के देश भर के कार्यकर्ताओं से संवाद कार्यक्रम में भाग लिया।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देशभर के कार्यकर्ताओं का हौसला बढ़ाते हुए कहा कि बीजेपी देश की एकमात्र ऐसी पार्टी है जो देश और आम जनता के हितों को पहले रखकर सेवा भाव से पिछले 9 साल से सरकार चला रही है। उन्होंने भोपाल में प्रत्यक्ष रूप से उपस्थित और देश भर के लाखों बूथों से जुड़े कार्यकर्ताओं को सेवा भावना के माध्यम से लोगों को संगठन से जोड़ने के लिए प्रेरित किया और कहा कि भाजपा कार्यकर्ताओं का लक्ष्य समाज और राष्ट्र निर्माण के प्रति दृढ़ होना चाहिए। उन्होंने देशभर में परिवारवादी पार्टियों के नाम गिनाए और कहा कि सभी पार्टियां अपने बेटे-बेटियों का भविष्य सुरक्षित करने के लिए राजनीति में हैं।

वीडियो कॉन्फ्रेंस के समापन के बाद केंद्रीय मंत्री और राज्य के अधिकारियों के बीच विभिन्न विकासात्मक और सिक्किम हित के मुद्दों पर चर्चा हुई। इस बीच, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री डीआर थापा ने वित्त राज्य मंत्री का ध्यान इस ओर आकर्षित किया कि हाल ही में संसद द्वारा पारित सिक्किम की परिभाषा का विस्तार किया गया है और सिक्किम की परिभाषा में दो नई श्रेणियां शामिल की गई हैं।

अपने संबोधन के दौरान केंद्रीय राज्य मंत्री ने पार्टी की ओर से सौंपे गए ज्ञापन पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी और स्पष्ट किया कि सुप्रीम कोर्ट के फैसले के आधार पर वित्त अधिनियम में दो श्रेणियों को शामिल किया गया है। उन्होंने कहा कि इन दोनों श्रेणियों को केवल आयकर छूट के लिए परिभाषा में शामिल किया गया है और यह अन्य पर लागू नहीं है, हालांकि भाजपा हमेशा सिक्किम और सिक्किमवासियों के हितों की रक्षा के लिए प्रतिबद्ध है, उन्होंने आश्वासन दिया कि इस मुद्दे को पार्टी स्तर पर उठाया जाएगा और इस मुद्दे के उचित समाधान के लिए गृह मंत्री के समक्ष भी भी उठाया जाएगा।

आज के कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सेवानिवृत्त सरकारी अधिकारी और युवा भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए, जिनमें अंबा के सहकारिता विभाग के सेवानिवृत्त अधिकारी मातृका खतिवड़ा, जोरथांग निवासी प्रेम मुखिया और नामची के 20 से अधिक परिवार शामिल थे।


डियर साप्ताहिक लॉटरी
बर्धमान निवासी ने
₹1 करोड़ जीते



बर्धमान, पश्चिम बंगाल के श्री रूपेश कुमार हेला ने **25.04.2023** को सम्पन्न हुए डियर साप्ताहिक लॉटरी के ड्रॉ में प्रथम पुरस्कार के तौर पर रु. 1 करोड़ जीते हैं। उनकी विजेता टिकट का नंबर **95B 17027** है। उन्होंने कोलकाता स्थित नागालैंड स्टेट लॉटरीज के नोडल अधिकारी के पास प्राइज क्लेम फॉर्म के साथ अपनी पुरस्कार-विजेता टिकट जमा कर दी है। ''मैंने केवल कुछ रुपए खर्च करने के द्वारा ही अपनी किस्मत आजमाई है। डियर लॉटरी ने मुझे एक करोड़पति बनने का आश्चर्यजनक अवसर प्रदान किया है। डियर लॉटरी की स्कीमें काफी अनोखी हैं और ये एक करोड़ के अलावा काफी सारे दूसरे पुरस्कार भी देती हैं। मैं अपनी खुशियां साझा करते हुए हरेक को अपनी किस्मत आजमाने के लिए डियर लॉटरी खरीदने की सलाह देना चाहता हूं।'' विजेता ने कहा।


# विपक्षी एकता 20 लाख करोड़ के घोटाले की गांरटी : पीएम मोदी

भोपाल, 27 जून (एजेन्सी)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने खुले तौर पर तमाम राजनेताओं का जिक्र करते हुए विपक्षी दलों की एकजुटता की कोशिशों पर हमला बोलते हुए कहा कि विपक्षी दलों की एकता 20 लाख करोड़ के घोटाले की गारंटी है।

प्रधानमंत्री मोदी ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' अभियान के कार्यक्रम में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल के मोतीलाल नेहरू स्टेडियम में देशभर के राज्यों के बूथों से तीन हजार चयनित कार्यकर्ताओं और देशभर के 10 लाख बूथ पर जुड़े कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी की सबसे बड़ी ताकत कार्यकर्ता हैं। देश में मुख्यमंत्रियों, पार्टी अध्यक्षों से लेकर मंडल स्तर तक के पदाधिकारियों की बैठक होती रही है। मगर, पहली बार बूथ स्तर के कार्यकर्ताओं की बैठक हो रही है।

इस दौरान प्रधानमंत्री ने 'मेरा बूथ, सबसे मजबूत' कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं से सीधे संवाद किया। पटना में विपक्षी दलों की एकजुटता के लिए हुई बैठक को लेकर पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री मोदी ने कहा, वर्ष 2024 में होने वाले लोकसभा चुनाव में भाजपा की प्रचंड जीत तय है, इसलिए विपक्षी दलों में बौखलाहट है। उन्होंने तय किया है कि चुनाव से कुछ माह पहले जनता को गुमराह किया जाए, बरगलाया जाए। वे झूठे आरोप लगाकर सत्ता हथियाना चाहते हैं। कांग्रेस की ओर से विभिन्न राज्यों में हुए विधानसभा चुनाव और उसके बाद कांग्रेस की राष्ट्रीय महासचिव प्रियंका गांधी द्वारा मध्यप्रदेश में पांच गारंटी देने का ऐलान किया है। इन गारंटी पर भी उन्होंने तंज कसा और कहा कि आजकल नया शब्द खूब पॉपुलर हो रहा है और वह है गारंटी। बार-बार आता है गारंटी शब्द। आखिर विपक्षी दल किस चीज की गारंटी हैं। यह सारे लोग गारंटी हैं भ्रष्टाचार की। गारंटी हैं लाखों-करोड़ रुपए के घोटाले की। पिछले दिनों एक फोटो-ऑप हुआ है, जिसमें शामिल दलों के जितने लोग दिख रहे हैं, कुल मिलाकर सारे मिलकर 20 लाख करोड़ रुपए के घोटाले की गारंटी हैं।



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कांग्रेस, आरजेडी, टीएमसी, डीएमके सहित तमाम दलों से जुड़े घोटालों का जिक्र किया और कहा कि इनके घोटालों का मीटर बनाया जाना चाहिए। विपक्षी दलों की गारंटी का जवाब देते हुए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि वह देश को एक गारंटी दे रहे हैं। उनकी घोटालों की गारंटी है तो हमारी गारंटी है, हर घोटालेबाज पर कार्रवाई की, गारंटी हर चोर-लुटेरे पर कार्रवाई की, गारंटी है जिसने गरीब और देश को लूटा है, उसका हिसाब तो होकर रहेगा, कानून का डंडा चल रहा है, उन्हें जेल की सलाखें दिख रही हैं, तब यह जुगलबंदी कर रहे हैं और कॉमन प्रोग्राम बना रहे हैं। इनमें कई लोग ऐसे हैं जो जमानत पर चल रहे हैं और घोटाले के आरोपी हैं। वहीं, कुछ लोग हैं, जो जेल से अनुभव लेकर आए हैं।

उन्होंने कार्यकर्ताओं से कहा कि उन्हें राजनीतिक कार्यकर्ता से ऊपर उठकर सामाजिक कार्यकर्ता के तौर पर काम कर अपनी पहचान बनानी चाहिए। भाजपा का कार्यकर्ता एसी में बैठकर काम नहीं करता। हम ऐसे लोग हैं जो जनता की बीच हर मौसम में और गांव-गांव जाकर काम करते हैं। प्रधानमंत्री ने बूथ लेवल के कार्यकर्ताओं की ताकत बताते हुए कहा कि सरकार जब भी कोई योजना बनाती है तो वो विचार आपके पास से ही आता है। उज्जवला योजना का जिक्र करते हुए उन्होंने कहा कि उज्जवला योजना का विचार बूथ स्तर से नहीं आया होता तो योजना ही नहीं होती। गांव से कार्यकर्ता ने उज्जवला योजना के बारे में बताया तो यह नीति बन गई।

इससे पहले प्रधानमंत्री मोदी वायु सेना के विशेष विमान से भोपाल पहुंचे। हवाई अड्डे पर उनकी मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान सहित तमाम नेताओं ने आगवानी की और उसके बाद वे सड़क मार्ग से रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे। प्रधानमंत्री तय समय पर वायु सेना के विमान से भोपाल पहुंचे, जहां उनका जोरदार स्वागत किया गया। प्रधानमंत्री को स्टेट हैंगर से हेलीकॉप्टर से बरकतउल्ला विश्वविद्यालय और फिर वहां से रानी कमलापति स्टेशन जाना था। मगर, बारिश के कारण कार्यक्रम में कुछ बदलाव हुआ और प्रधानमंत्री सड़क मार्ग से रानी कमलापति स्टेशन पहुंचे। प्रधानमंत्री रानी कमलापति रेलवे स्टेशन पहुंचे और पांच वंदे भारत ट्रेन को झंडी दिखाई।

पांच वंदे भारत ट्रेन में भोपाल (रानी कमलापति)- इंदौर, भोपाल (रानी कमलापति)-जबलपुर को हरी झंडी दिखाई। वहीं, रांची-पटना, धारवाड़-बेंगलुरु और गोवा (मडगांव)-मुंबई को हरी झंडी दिखाई। इनमें से दो गाड़ियां रानी कमलापति स्टेशन से रवाना हुईं। वहीं, अंतिम तीन को उन्होंने वर्चुअल माध्यम से हरी झंडी दिखाकर रवाना किया।

भोपाल (रानी कमलापति)-इंदौर, वंदे भारत एक्सप्रेस मध्य प्रदेश के दो महत्वपूर्ण शहरों के बीच सरल और त्वरित यात्रा की सुविधा प्रदान करेगी तथा क्षेत्र में सांस्कृतिक, पर्यटन एवं धार्मिक स्थानों की कनेक्टिविटी में सुधार लाएगी। भोपाल (रानी कमलापति)-जबलपुर वंदे भारत एक्सप्रेस महाकौशल क्षेत्र (जबलपुर) को मध्यप्रदेश के मध्य क्षेत्र (भोपाल) से जोड़ेगी। इसके अतिरिक्त, बेहतर कनेक्टिविटी से क्षेत्र के पर्यटन स्थलों को भी लाभ होगा।


भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड
(भारत सरकार का उपक्रम)

सामान्य / ग्रामीण खुदरा प्रतिष्ठान (पेट्रोल पंप)
डीलरशिप की नियुक्तिहेतु सूचना

**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड, सिक्किम** राज्य में विभिन्न स्थानों पर खुदरा प्रतिष्ठान (पेट्रोल पंप) डीलर नियुक्त करने हेतु प्रस्ताव देता है।

विस्तृत विज्ञापन एवं विवरणिका वेबसाइट **www.petrolpumpdealerchayan.in** पर उपलब्ध है।

आरओ डीलरशिप के लिए आवेदन, गैर-वापसी योग्य आवेदन शुल्क, जैसा भी लागू हो, के ऑनलाइन भुगतान के साथ, दिनांक **27/09/2023** तक ऑनलाइन जमा हो जाना चाहिए।

ऑनलाइन आवेदन को जमा करने की सुविधा उपरोक्तानुसार अंतिम तिथि के बाद तुरंत वापस ले ली जाएगी।

**आवेदकों को अपना आवेदन जमा करने से पहले अपने स्वयं के हित में, "विवरणिका" को सावधानीपूर्वक पढ़ लेना चाहिए और चयन की शर्तों को समझ लेना चाहिए।**

कॉर्पोरेशन कोई कारण बताए बिना अपने समग्र विवेकाधिकार पर इस विज्ञापन को निरस्त / वापस / संशोधित करने, या नियत तिथि को विस्तारित करने का अधिकार सुरक्षित रखता है।

अंग्रेजी समाचार-पत्रों के समक्ष स्थानीय भाषी अखबारों में प्रकाशित विज्ञापन में कोई विसंगति होने की स्थिति में, अंग्रेजी समाचार-पत्रों में उल्लेखित निर्देश / सूचना मान्य होगी।

**शुद्धिपत्र, यदि कोई हो, केवल वेबसाइट www.petrolpumpdealerchayan.in पर ही प्रकाशित होगा।**

विवरणिका को खरीदने या इस विज्ञापन के बारे में किसी जानकारी के लिए प्रत्याशी निम्नांकित पते पर संपर्क कर सकते हैं:

| क्षेत्र | जिला | पता | संपर्क क्र. |
| --- | --- | --- | --- |
| सिलीगुड़ी | सिक्किम के सभी जिलें | प्रादेशिक समन्वयक (रिटेल), भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लि., एनजेपी टॉप, पीओ : भक्तिनगर, न्यू जलपाईगुड़ी, जिला जलपाईगुड़ी, पश्चिम बंगाल, पिन 734007 | 9101393412 / 9129043710 / 0353- 2691864 |

Energising Lives Energising Naya Bharat



स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक : सत्येन्द्र नाथ सिंह एवं मुद्रक: नूतन वर्मा द्वारा प्राइम प्रिंटर्स, प्रिमुला कॉटेज, चर्च रोड, गंगटोक से मुद्रित एवं रतना निवास, मेट्रो प्वाइंट, नेशनल हाईवे 10, गंगटोक (पूर्व सिक्किम) से प्रकाशित।
सम्पादक - सत्येन्द्र नाथ सिंह, कार्यकारी सम्पादक - अश्विनी आनंद, मोबाइल नं. : 9474355832, 9609024017, फोन नं. : 03592-204174, पोस्टल रजि. सं. : WB/SKM/110/07-09, e-mail ID : anugamini@gmail.com